रोहतक शनिवार 15 अगस्त 2026 ■ श्रावण मास शुक्ल पक्ष ■ तृतीया वर्ष : 30, अंक : 192 ■ पृष्ठ 20 मूल्य 3.00 haribhoomi.com

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

पंजीयन रोकने की धमकी पर बार काउंसिल को लगाई फटकार

छात्र गलत हों, तब भी उन्हें विरोध करने का अधिकार : सीजेआई

हैदराबाद की लॉ विवि में सूर्यकांत का विरोध करने पर 2026 बैच के 450 ग्रेजुएट्स का एनरोलमेंट रोकने का दिया था आदेश

नई दिल्ली (एजेंसी)। सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को हैदराबाद की लॉ यूनिवर्सिटी, नलसार से जुड़े विवाद पर काउंसिल ऑफ इंडिया (बीसीआई) को फटकार लगाई। सीजेआई सूर्यकांत ने कहा कि भले ही छात्रों का फैसला गलत हो या उन्हें किसी ने गलत सलाह दी हो, फिर भी उन्हें अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है। जस्टिस सूर्यकांत ने बीसीआई के उस सर्कुलर पर भी नाराजगी जताई जिसमें नलसार के 2026 बैच के लॉ ग्रेजुएट्स का वकील के तौर पर एनरोलमेंट रोकने को कहा गया था। सीजेआई ने कहा- यह मेरे और छात्रों के बीच का मामला है। इसे मुद्दा बनाने की जरूरत नहीं थी। बार काउंसिल इसमें दखल देने वाला कौन होता है? सुप्रीम कोर्ट ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस भी जारी किया और यूनिवर्सिटी के किसी छात्र या फैकल्टी के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई नहीं करने का आदेश दिया। नलसार के 450 छात्र जस्टिस सूर्यकांत को दीक्षांत समारोह 2026का चीफ गेस्ट बनाए जाने का विरोध कर रहे हैं। यहां करीब 1,400 छात्र पढ़ते हैं। इनमें से करीब 450 छात्रों ने यूनिवर्सिटी प्रशासन को पत्र लिखकर सीजेआई को चीफ गेस्ट बनाने का न्योता वापस लेने की मांग की थी।

ऐसा बढ़ा था मामला

बार काउंसिल ऑफ इंडिया ने 13 अगस्त को सभी स्टेट बार काउंसिलों को निर्देश दिया कि नलसार के 2026 बैच के किसी भी ग्रेजुएट को अगले आदेश तक वकील के तौर पर एनरोल न किया जाए। साथ ही यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर से तीन दिन के भीतर रिपोर्ट मांगी गई थी। यूनिवर्सिटी से उन लोगों की पहचान करने को कहा गया, जो कैंपेन शुरू करने, उसका ड्राफ्ट तैयार करने, उसे फैलाने, छात्रों को जुटाने, मीडिया से संपर्क करने, ऑनलाइन ग्रुप चलाने या बहिष्कार की अपील करने में मुख्य भूमिका में थे।

मेरी टिप्पणी का गलत इस्तेमाल किया गया

कॉकरोच विवाद पर चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया सूर्यकांत ने कहा, 'मेरी टिप्पणी को गलत तरीके से पेश किया गया। देश के युवाओं को भटकाने के लिए इसका इस्तेमाल किया गया।' उन्होंने कहा, 'अदालती कार्यवाही का क्लिप वायरल किया गया। जो बात कही ही नहीं गई, उसे गलत तरीके से पेश किया जाता है।' सीजेआई का बयान ऐसे समय आया जब कॉकरोच जनता पार्टी का आंदोलन खत्म हो गया है और वह जंतर-मंतर 2.0 शुरू करने की योजना बना रही है। दरअसल जस्टिस सूर्यकांत के 15 मई के सुप्रीम कोर्ट में एक मामले की सुनवाई के दौरान, फर्जी डिग्री वाले कुछ व्यक्तियों की तुलना कॉकरोच से की थी।

शुभकामनाएं

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सुधी पाठकों, विज्ञापनदाताओं, अभिकर्ताओं व वितरक बंधुओं समेत सभी शुभचिंतकों को हार्दिक शुभकामनाएं। इस अवसर पर 15 अगस्त शनिवार को हरिभूमि कार्यालय में अवकाश रहेगा। आगामी अंक 17 अगस्त सोमवार को आपके हाथों में होगा। – संपादक

समय रैना समेत 5 कॉमेडियन के खिलाफ केस रद्द

दिव्यांगों पर कमेंट पर एफआईआर हुई थी, सुप्रीम कोर्ट ने दिव्यांग टूर्नामेंट कराने की तारीफ की

नई दिल्ली। दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट के केस में सुप्रीम कोर्ट ने कॉमेडियन समय रैना समेत पांच के खिलाफ दर्ज केस शुक्रवार को रद्द कर दिए। इन पर इंजियाज गॉट लेटेंट शो में दिव्यांगों के खिलाफ कमेंट और उनका मजाक उड़ाने एफआईआर दर्ज की गई थी। अब सुप्रीम कोर्ट ने ही दिव्यांगों के जागरूकता लाने की कोशिशों पर इन कॉमेडियंस की तारीफ की। कोर्ट ने दिव्यांगों और स्पाइनल मस्कुलर एट्रॉफी जैसी गंभीर बीमारी से पीड़ित लोगों के लिए चेस टूर्नामेंट कराने पर कहा कि ये प्रतिभाशाली युवा हैं।

हरिभूमि

हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

हरियाणा के 11 अधिकारी व जवान पुलिस पदक से अलंकृत

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶| चंडीगढ़

स्वतंत्रता दिवस 2026 के अवसर पर हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (पीपीएमडीएस) और सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक (पीएमएमएस) से सम्मानित करने के लिए चुना गया है। केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा शुक्रवार को इन पदकों की घोषणा की गई है। हरियाणा पुलिस के एक अधिकारी को विशिष्ट सेवाओं के लिए प्रतिष्ठित राष्ट्रपति पुलिस पदक जबकि 10 अन्य पुलिस अधिकारियों को सराहनीय सेवाओं के लिए पुलिस पदक से अलंकृत किया गया है।

इन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक

महिला उप निरीक्षक सुशीला कौशिक, राज्य सतर्कता एवं भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो हरियाणा को विशिष्ट सेवाओं के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक से सम्मानित करने के लिए चुना गया है।

नाजनीन भसीन आईपीएस

प्रवीन एएसआई

पवन कुमार एएसआई

रामफल ईएसआई

राजबीर सिंह इंस्पेक्टर

राजीव रंजन इंस्पेक्टर

सुशील कौशिक एसआई

जीतेश मल्होत्रा एचपीएस

संदीप एसआई

संजीव कुमार एसआई

अनिल कुमार एएसआई

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विशिष्ट और सराहनीय सेवाओं के लिए सम्मान

पदक मिलना पूरे पुलिस बल के लिए गौरवः डीजीपी

हरियाणा के पुलिस महानिदेशक श्री अजय सिंघल ने पुलिस पदक के लिए चयनित सभी अधिकारियों एवं जवानों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर हरियाणा पुलिस के 11 अधिकारियों एवं जवानों को प्रतिष्ठित पुलिस पदकों के लिए चुना जाना पूरे पुलिस बल के लिए अत्यंत गौरव और सम्मान की बात है। डीजीपी ने कहा कि इन पुलिसकर्मियों की कर्तव्यनिष्ठा, साहस, समर्पण और अथक सेवाओं को राष्ट्रीय स्तर पर मिली यह पहचान न केवल पदक प्राप्त करने वाले अधिकारियों एवं जवानों का सम्मान है, बल्कि यह हरियाणा पुलिस के प्रत्येक सदस्य के लिए प्रेरणा का स्रोत भी है। उन्होंने कहा कि ऐसे सम्मान पुलिसकर्मियों का मनोबल बढ़ाने के साथ-साथ पूरे पुलिस बल को और अधिक उत्साह, निष्ठा एवं समर्पण के साथ जनसेवा करने के लिए प्रेरित करते हैं।

78 गैलेंट्री अवॉर्ड का ऐलान, इस बार 19 शौर्य चक्र

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने स्वतंत्रता दिवस 2026 की पूर्व संध्या पर सशस्त्र बलों और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के जवानों के लिए 78 वीरता पुरस्कारों को मंजूरी दी है। इनमें 13 मरणोपरांत पुरस्कार शामिल हैं। राजपूताना राइफल्स के मेजर आदित्य प्रताप सिंह को शौर्य चक्र में बार दिया जा रहा है। वे फिलहाल 44 असम राइफल्स में तैनात हैं। उनके नाम के साथ सेना मेडल भी दर्ज है। इससे पहले जून 2026 में उन्हें भारत-म्यांमार सीमा पर उग्रवादियों के विरुद्ध चलाए गए एक साहसिक अभियान के दौरान अद्वितीय वीरता दिखाने के लिए शौर्य चक्र मिल चुका है। इन अवॉर्ड में एक नाम आर्मी डॉग टायसन का भी है, जिसे ऑपरेशन रक्षक के तहत मेंशन इन डिस्पैचेस में शामिल किया गया है। *(संबंधित खबर पेज-8 पर)*

स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर राष्ट्रपति मुर्मू का संबोधन

एग्जाम सिस्टम में सुधार के लिए सरकार प्रयास कर रही

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने 80वें स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर देश को संबोधित किया। उन्होंने कहा- आतंकवाद को पनाह देने वाले देश के साथ सिंधु जल संधि को निलंबित करना किसानों के लिए एक निर्णायक कदम है। हम 2047 तक विकसित भारत का लक्ष्य लेकर आगे बढ़ रहे हैं। नागरिक राष्ट्र के लिए सदैव जागरूक रहें। राष्ट्रपति ने आगे कहा कि हमारे स्टूडेंट भारत के भविष्य निर्माता हैं। जिस तरह राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए सरकार और समाज का एकजुट रहना जरूरी है। उसी तरह विद्यार्थियों के वर्तमान और भविष्य की सुरक्षा के लिए भी सभी के सम्मिलित प्रयास जरूरी हैं। राष्ट्रपति ने कहा- हमारा संविधान जनभागीदारी पर आधारित है। उस भावना को हमारे देशवासी आगे बढ़ा रहे हैं यह हमारी लोकतंत्र की उपलब्धि है। अब से कुछ ही घंटों बाद, हमारे देश की स्वाधीनता के 80वें वर्ष का शुभारंभ होगा।

सिंधु जल संधि निलंबित करना सही कदम, इसका फायदा हमारे किसानों को होगा

देशवासी स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने

द्रौपदी मुर्मू ने कहा- 15 अगस्त 1947 के दिन भारतमाता पराधीनता की बेड़ियों से मुक्त हुईं। सभी देशवासी, स्वतंत्र भारत की नियति के निर्माता बने। निष्ठावान विद्यार्थी और शिक्षक, विकास के लिए तत्पर वैज्ञानिक और इंजीनियर, स्वास्थ्य सेवा में कार्यरत डॉक्टर और स्वास्थ्यकर्मी, मेहनती श्रमिक और अन्नदाता किसान, अपने प्रयासों से राष्ट्र-निर्माण कर रहे हैं।

25 करोड़ से अधिक लोग गरीबी से बाहर निकले

राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा- 25 करोड़ से अधिक लोगों को गरीबी से मुक्ति दिलाने में सफलता मिली है। विश्व की सबसे बड़ी वित्तीय समावेश की योजना प्रधानमंत्री जन धन योजना के तहत लगभग 59 करोड़ खाताधारक बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ चुके हैं। उनमें 32 करोड़ से अधिक महिला खाताधारक शामिल हैं। 80 करोड़ लोगों के लिए निशुल्क राशन की व्यवस्था द्वारा उनकी खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की गई है। 'आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' के तहत 60 करोड़ लोगों को प्रतिवर्ष 5 लाख रुपए तक की निशुल्क चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई गई है।

जीवन हत्याकांड : खापों व किसान संगठनों ने तीन घंटे बंद रखे टोल

चांदी, मकडोली, नरवाना, खटकड़, मय्यड़, बाडो पट्टी, चौधरीवास टोल प्लाजा पर लगाया जाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिसार

सूर्य नगर निवासी डेयरी संचालक जीवन कुंडू हत्याकांड के मुख्य आरोपी रमेश शर्मा की गिरफ्तारी की मांग पर शुक्रवार को किसानों, मजदूरों और खाप प्रतिनिधियों का आक्रोश सड़कों पर दिखाई दिया। हिसार जिले के चारों मुख्य टोल प्लाजा को सुबह 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तीन घंटे बंद रखा गया। दोपहर दो बजे आंदोलनकारियों ने सभी टोल खोल दिए। इस दौरान करीब 300 पुलिसकर्मी सुरक्षा व्यवस्था में तैनात रहे और एक पुलिस कंपनी को रिजर्व रखा गया। आंदोलनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि मुख्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी नहीं हुई तो संघर्ष को और व्यापक किया जाएगा। चोगामा खाप के प्रधान धर्मपाल कुंडू ने सरकार और पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर कड़े सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि इस खौफनाक हत्याकांड को 10 दिन बीत चुके हैं, लेकिन सरकार पूरी तरह खामोश बैठी है। मुख्य आरोपी रमेश शर्मा अभी भी पुलिस की गिरफ्त से बाहर है। खाप नेताओं ने ऐलान किया कि जब तक इंसाफ नहीं मिलता, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

■ मुख्य आरोपी रमेश शर्मा की गिरफ्तारी की मांग उठाई

बयां की हमले की दास्तान

कुंडू खाप के राष्ट्रीय प्रवक्ता दयानंद कुंडू ने घटना की रोंगटे खड़े कर देने वाली सच्चाई साझा की। उन्होंने बताया कि हिसार के सूर्य नगर इलाके में सुबह करीब 5:30 बजे पड़ोसी रमेश और उसके साथियों ने डेयरी संचालक जीवन कुंडू पर जानलेवा हमला किया था। हमलावरों ने जीवन को तब तक लाठी-डंडों से पीटा जब तक कि वह अधमरा नहीं हो गया।

सवा मिनट का डेथ बेड बयान

मृत्यु से पहले जीवन कुंडू का एक सवा मिनट का वीडियो सामने आया है। इस वीडियो में जीवन ने साफ तौर पर पड़ोसी रमेश और 15-20 अज्ञात युवकों का नाम लिया है, जिन्होंने उनकी टांगें तोड़ दीं। बीच-बचाव करने आई जीवन की पत्नी को भी हमलावरों ने नहीं बख्शा और उन पर बरछी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। इलाज के दौरान अस्पताल में जीवन ने दम तोड़ दिया। खाप और किसान नेताओं ने एकजुट होकर कहा है कि यह लड़ाई पीड़ित परिवार को न्याय मिलने तक जारी रहेगी और आने वाले दिनों में प्रदर्शन को और उग्र किया जा सकता है।

पलवल के बीन वादक हवासिंह को नाटक अकादमी पुरस्कार

पलवल (हरिभूमि न्यूज)। पलवल के एक छोटे से गांव से निकली बीन की धुन आज देश के प्रतिष्ठित सम्मान तक पहुंच गई। हरियाणा के पलवल जिले के रजोलका गांव के प्रसिद्ध अंतरराष्ट्रीय बीन वादक हवा सिंह नाथ को संगीत नाटक अकादमी पुरस्कार-2024 से सम्मानित किया गया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने उन्हें यह सम्मान दिया। यह हरियाणा की लोककला, परंपरा और सांस्कृतिक विरासत का सम्मान है। वर्षों की साधना और अपनी कला के प्रति समर्पण ने हवा सिंह नाथ को इस मुकाम तक पहुंचाया। गांव की गलियों से

राष्ट्रपति भवन तक पहुंची यह धुन हमें याद दिलाती है कि भारत की असली सांस्कृतिक ताकत आज भी उसके गांवों और कलाकारों में बसती है। हवा सिंह नाथ को इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

हाइवे पर बवाल 36 पर केस, एचएसजीपीसी चीफ झींडा भी आरोपी

अंबाला। आईएकेटीएफ के चीफ गुरसिमरन सिंह मंड के खिलाफ कार्रवाई को लेकर बवाल मचाने वालों के खिलाफ पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी है। इस सिलसिले में पुलिस ने 36 लोगों के खिलाफ दो केस दर्ज किए हैं। पुलिस ने एक केस में हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के प्रधान जगदीश सिंह झींडा को भी आरोपी बनाया है। उधर, पुलिस ने बवाल के दौरान उपद्रव मचाने वाले कई लोगों की फोटो जारी की हैं। ये लोग तेजधार हथियारों से लैस हैं। इनके बवाल के दौरान डीएसपी वीरेंद्र के साथ पुलिस के सात जवान भी जख्मी हुए हैं। हरियाणा सिख गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष जगदीश सिंह झींडा ने शुक्रवार को पूरे मामले पर सफाई दी। उन्होंने कुरुक्षेत्र के ऐतिहासिक गुरुद्वारा पातशाही छठी में मीटिंग के दौरान कहा कि सीएम हाउस से युवकों को रिहा करने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन पुलिस ने लाठीचार्ज कर दिया। एसपी अजीत सिंह शेखावत ने बताया कि कुछ शरारती तत्व भाले, फरसे, तलवार और कुल्हाड़ी लेकर भीड़ में शामिल थे। अंधेरा होते ही उन्होंने पुलिसकर्मियों पर हमला करना शुरू कर दिया। कुछ लोगों ने ट्रकों की चाबियां छीन लीं, ताकि जाम क्लियर न हो सके। उनका रातभर उत्पात मचाने का इरादा था।

टीचर मनीषा की मौत को सीबीआई ने माना सुसाइड

■ क्लोजर रिपोर्ट दाखिल की, परिवार को भेजा लेटर

भिवानी (हरिभूमि न्यूज)। भिवानी की टीचर मनीषा की मौत को केंद्रीय जांच ब्यूरो ने सुसाइड माना है। सीबीआई ने नई दिल्ली की ओर से मनीषा के पिता संजय को 10 अगस्त को भेजे पत्र में जांच पूरी होने और अंतिम रिपोर्ट कोर्ट में पेश किए जाने की सूचना दी है। एजेंसी ने यह भी बताया कि जांच पूरी कर पंचकूला स्थित स्पेशल ज्यूडिशियल मजिस्ट्रेट, सीबीआई की कोर्ट में मामले की क्लोजर रिपोर्ट दाखिल कर दी है। उधर, मनीषा के पिता संजय ने बताया कि वे चार्जशीट लेने कोर्ट आए थे। पता चला कि कोर्ट की ओर से 27 अगस्त की तारीख दी गई है। हालांकि अभी तक चार्जशीट की कॉपी उन्हें नहीं दी गई है। मौखिक तौर पर सुसाइड बताया गया है। 27 अगस्त को सभी तथ्य देखने के बाद ही आगे का फैसला लिया जाएगा। बता दें कि 11 अगसत 2025 को लापता हुई ढाणी लक्ष्मण की बेटी मनीषा का शव 13 अगस्त को गांव सिंघानी में एक नहर के पास मिला था। जिसके बाद पूरा यह मामला पूरे प्रदेश व देश में चर्चित हुआ और लोग सड़कों पर उतर आए थे। संजय ने आगे बताया कि कोर्ट ने ऐसा कोई कारण नहीं बताया कि जिससे सुसाइड घोषित किया है।

पिता बोले-केस में लीपापोती, 27 को लेंगे फैसला

विमानों के स्वदेशी इंजन के लिए रिलायंस व रोल्स-रॉयस आए साथ

मुंबई। स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर भारत की रक्षा आत्मनिर्भरता की दिशा में एक अहम कदम सामने आया है। रिलायंस इंडस्ट्रीज और रोल्स-रॉयस ने भारत के एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट कार्यक्रम के लिए स्वदेशी लड़ाकू विमान इंजन के डिजाइन, विकास, निर्माण और आपूर्ति में साथ काम करने का रणनीतिक इरादा जताया है। एएमसीए भारत का अगली पीढ़ी का फाइटर एयरक्राफ्ट प्रोग्राम है और इसे देश की वायु-शक्ति के लिए बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। दोनों कंपनियां भारत में एक डेडिकेटेड एयरोस्पेस गैस टर्बाइन कॉम्प्लेक्स बनाने की संभावना भी तलाशेंगी।

झारखंड में छात्रों का आमरण अनशन जारी

रांची। रांची में जेपीएससी-जेएसएससी भर्ती परीक्षाओं में कथित धांधली, अनियमितताओं और पेपर लीक के विरोध में छात्रों का आंदोलन 20 से जारी है। छात्र नेता देवेंद्र नाथ महतो के नेतृत्व में रांची के जयपाल सिंह मुंडा स्टेडियम में धरना और आमरण अनशन चल रहा है। छात्र सीबीआई जांच और परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। *एजेंसी*

बैंकों में जमा सरकारी फंड की हर तीन महीने में होगी जांच

घोटालों के बाद वित्तीय लेनदेन पर पैनी नजर

योगेंद्र शर्मा ▶▶| चंडीगढ़

प्रदेश में सरकारी विभागों के पैसे की बंदरबांट और मामले की जांच सीबीआई को सौंप दिए जाने के साथ ही भविष्य में घटनाओं पर पूरी तरह से ब्रेक लगाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। इस क्रम में अब बड़े वित्तीय लेनदेन पर पैनी नजर रहेगी और हर तीन माह में समीक्षा का काम होगा। हरियाणा में आईडीएफसी फर्स्ट बैंक, कोट महिंद्रा बैंक, एयू स्माल में 661 करोड़ से ऊपर के घोटाले की की जांच सीबीआई को दिए जाने के साथ ही राज्य की नायब सैनी सरकार ने सख्ती बढ़ा दी है। इस क्रम में लगातार वित्त विभाग सतर्कता के साथ दिशा निर्देश जारी कर रहा है। सभी सरकारी कंपनियों, बोर्ड-निगमों, सहकारी संस्थाओं और स्वायत्त निकायों को बैंकों में जमा सरकारी फंड की हर तीन माह में जांच होगी और बचत, चालू, टर्म डिपाजिट और फ्लेक्सी खातों की विस्तार से समीक्षा होगी।

■ भविष्य में घटनाओं को रोकने की कवायद

जमा फंड का सत्यापन व मिलान करना होगा

विभाग ने प्रबंध निदेशकों और मुख्य कार्यकारी अधिकारियों को बैंकों में जमा फंड के सत्यापन और मिलान की व्यवस्था लागू करने के लिए तिमाही प्रमाणपत्र जारी करने का आदेश जारी किया है। विधिवत एक प्रोफार्मा जारी कर दिया गया है। संबंधित संस्था एमडी और सीईओ को प्रोफार्मा को भरकर हस्ताक्षरों के साथ बैंक खातों में जमा धनराशि के सत्यापन एवं खातों के रिकार्ड से मिलान की पुष्टि करनी होगी। यह प्रोफार्मा उन्हें हर तिमाही वित्त विभाग द्वारा नामित संस्था के निदेशक को भेजना होगा।



हरिभूमि
3
हरियाणा, दिल्ली, छत्तीसगढ़ व मध्यप्रदेश से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी



पश्चिम एशिया में अनिश्चितता से शेयर बाजार में नरमी

मुंबई (भाषा)। ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई। बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे।

सोना 800 रुपये गिरा, चांदी स्थिर

नई दिल्ली (भाषा)। राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोना शुक्रवार को लगातार दूसरे कारोबारी सत्र में गिरावट पर रहा। मुनाफावसूली और कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोना 800 रुपये टूटकर 1,56,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। बृहस्पतिवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 1,57,000 रुपये प्रति 10 ग्राम पर थी। सर्राफा कारोबारियों ने कहा कि सोने की कीमत में गिरावट के बीच चांदी का भाव 2,40,000 रुपये प्रति किलोग्राम पर स्थिर रहा। एचडीएफसी सिक्योरिटीज में वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, ''कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच सोने में गिरावट आई। उम्मीद से कम अमेरिकी उत्पादक-मूल्य आंकड़ों के बावजूद हाजिर सोना की कीमत में कमी देखी गई।

खबर संक्षेप

रामपाल के दामाद संजय को हाईकोर्ट से जमानत

चंडीगढ़। बरवाला के सतलोक आश्रम में वर्ष 2014 में पुलिस पर फायरिंग और पेट्रोल बम फेंकने सहित हिंसा के मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने रामपाल के दामाद एवं पूर्व सैनिक संजय उर्फ फौजी को नियमित जमानत दे दी है। हाईकोर्ट ने हिसार के अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश का 15 अप्रैल 2026 का वह आदेश रद कर दिया, जिसमें संजय की नियमित जमानत की मांग खारिज कर दी गई थी। जस्टिस राजेश भारद्वाज और जस्टिस दीपक मनचंदा की खंडपीठ ने यह आदेश दिया।मामला 18 नवंबर 2014 का है। हाई कोर्ट द्वारा रामपाल की गिरफ्तारी के लिए जारी वारंट की तामील कराने पुलिस सतलोक आश्रम पहुंची थी। एफआइआर के अनुसार आश्रम की छत पर लाठी, डंडों और बंदूकों से लैस करीब 1500 से 2000 युवक मौजूद थे। पुलिस पर पथराव और फायरिंग के साथ पेट्रोल बम फेंके गए तथा जेसीबी को आग लगा दी गई। हिंसा में 111 पुलिसकर्मी घायल हुए थे।

नगर पालिका-अग्निशमन कर्मियों की सरकार से वार्ता फिर विफल

■ 13 मई के समझौते के अनुसार मांगों के क्रियान्वयन के पत्र जारी करने की मांग पर अड़े कर्मचारी

कर्मचारियों का हड़ताल जारी रखने का ऐलान, धरनास्थल पर ही फहराएंगे तिरंगा

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

नगर पालिका कर्मचारी संघ और अग्निशमन विभाग कर्मचारी यूनियन की सरकार के साथ शुक्रवार को हुई वार्ता फिर विफल हो गई। 13 मई को हुए समझौते के अनुसार मानी गई मांगों के क्रियान्वयन संबंधी पत्र जारी करने की मांग पर अड़े कर्मचारी संगठनों ने हड़ताल जारी रखने और आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री कृष्ण बेदी की अध्यक्षता में हुई बैठक में मुख्यमंत्री के मुख्य प्रधान सचिव राजेश खुल्लर, प्रधान सचिव अरुण कुमार गुप्ता, शहरी स्थानीय निकाय विभाग के आयुक्त एवं सचिव अशोक मीणा, निदेशक मुकुल कुमार, अग्निशमन विभाग की प्रधान सचिव सुमिता मिश्रा और महानिदेशक शेखर विद्यार्थी मौजूद रहे। कर्मचारी नेताओं ने बैठक में अपनी मांगें रखीं। नगर पालिका कर्मचारी संघ के राज्य प्रधान नरेश कुमार शास्त्री और महासचिव मांगेराम तिगरा तथा अग्निशमन विभाग के प्रधान राजेंद्र सिंद ने आरोप लगाया कि सरकार कर्मचारियों के साथ बातचीत के नाम पर केवल दिखावा कर रही है। उन्होंने कहा कि जब तक 13 मई के समझौते के अनुसार मानी गई मांगों के क्रियान्वयन के पत्र जारी नहीं होते, तब तक आंदोलन जारी रहेगा। दोनों यूनियनों ने निर्णय लिया है कि स्वतंत्रता दिवस पर प्रदेश के सभी धरना स्थलों पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया जाएगा। इस दौरान 'स्वतंत्र भारत में स्वदेशी सरकारों द्वारा सफाई कर्मचारियों के साथ गुलाम जैसा व्यवहार क्यों' विषय पर विचार गोष्ठियां आयोजित की जाएंगी। कर्मचारी सरकार से सवाल करेंगे कि आजादी के 79 वर्ष बाद भी समाज के सबसे जरूरी और जोखिमपूर्ण काम करने वाले सफाई एवं सीवर कर्मचारियों को उनका अधिकार क्यों नहीं दिया जा रहा है।

कर्मचारियों की मुख्य मांगें

कर्मचारियों की प्रमुख मांगों में पालिका रोल पर लगे अनुबंध एवं दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को नियमित करना, ठेका प्रथा समाप्त करना, रिक्त पदों पर स्थायी भर्ती करना, सफाई एवं सीवर कर्मचारियों की नियमित भर्ती और अग्निशमन विभाग के अनुबंध कर्मचारियों को नियमित करना शामिल है। इसके अलावा अग्निशमन विभाग के शहीद कर्मचारी भविष्य चंद्र और रणवीर के आश्रितों को 50-50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, वर्दी भत्ता और जोखिम भत्ता देने की मांग भी शामिल है।

राज्यपाल और केंद्रीय मंत्रियों से मुख्यमंत्री ने की भेंट

चंडीगढ़। हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम घोष एवं पंजाब राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया ने संत कबीर कुटीर में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से शिष्टाचार भेंट की। इसी दौरान केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान तथा केंद्रीय शिक्षा एवं खाद्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने भी संत कबीर कुटीर में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने दोनों राज्यपालों व केंद्रीय मंत्रियों को स्वागत किया।

मतदाता सूची सत्यापन के लिए 19.35 लाख को नोटिस

चंडीगढ़। हरियाणा में विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत मतदाता सूची के सत्यापन एवं जांच की प्रक्रिया जारी है। अब तक 44,88,795 अनमैप्ड और विभिन्न प्रकार की विसंगतियों वाले मामलों में से 19,35,126 संबंधित मतदाताओं को सुनवाई नोटिस जारी किए जा चुके हैं। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ए. श्रीनिवास ने स्पष्ट किया है कि नोटिस मिलना मतदाता का नाम सूची से हटाए जाने का अंतिम निर्णय नहीं है। संबंधित मतदाताओं को अपना पक्ष रखने और आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत करने का पूरा अवसर दिया जा रहा है। एसआईआर-2026 के तहत प्रारंभिक मतदाता सूची का प्रकाशन 31 जुलाई को किया गया था। दावे और आपत्तियां दर्ज कराने की अंतिम तारीख 30 अगस्त निर्धारित है। मतदाता सूची के सत्यापन के दौरान पिछली मतदाता सूची से मैपिंग नहीं होने वाले 18,56,138 मतदाता और विभिन्न प्रकार की विसंगतियों वाले 26,31,312 मतदाता सामने आए हैं। कुल 44,88,795 मामलों की निर्धारित प्रक्रिया के तहत जांच की जा रही है।

नशे की रोकथाम की निगरानी करेंगी चार-स्तरीय कमेटियां

■ राज्य, जिला, उपमंडल और गांव-वार्ड स्तर पर गठित होंगी समितियां

चंडीगढ़। हरियाणा सरकार ने नशे की रोकथाम, उपचार और पुनर्वास व्यवस्था को मजबूत करने तथा सामुदायिक भागीदारी बढ़ाने के लिए चार-स्तरीय कमेटियों का गठन किया है। राज्य, जिला, उपमंडल और ग्राम पंचायत व शहरी वार्ड स्तर पर गठित ये समितियां नशा रोकथाम से लेकर उपचार और पुनर्वास तक की व्यवस्थाओं की निगरानी करेंगी। राज्य स्तरीय संचालन एवं निगरानी समिति के अध्यक्ष मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी होंगे। विभिन्न विभागों के अतिरिक्त मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो, खेल विभाग और शहरी स्थानीय निकाय विभाग के वरिष्ठ अधिकारी इसके सदस्य होंगे। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के निदेशक सदस्य सचिव होंगे। सिविल सोसायटी, सूचीबद्ध गैर-सरकारी संगठनों या विशेषज्ञों में से दो प्रतिनिधियों को विशेष आमंत्रित सदस्य बनाया जाएगा। राज्य स्तरीय समिति नशे की मांग में कमी लाने की राष्ट्रीय कार्य योजना और नशा मुक्त भारत अभियान के तहत प्रदेश की कार्य योजना की निगरानी करेगी। जागरूकता, उपचार, परामर्श, पुनर्वास और प्रशिक्षण के वार्षिक एवं त्रैमासिक लक्ष्यों की समीक्षा के साथ विभागों और संगठनों के साथ समन्वय रखेंगे।

उपायुक्त करेंगे जिला समितियों की अध्यक्षता

जिला स्तर पर उपायुक्तों की अध्यक्षता में समितियां गठित होंगी। ये जिला स्तरीय नशा रोकथाम कार्य योजना तैयार करने के साथ संवेदनशील क्षेत्रों और जोखिम वाले समूहों की पहचान करेंगी। स्कूलों, कार्यस्थलों और समुदायों में जागरूकता कार्यक्रमों की निगरानी के अलावा नशा मुक्ति एवं पुनर्वास केंद्रों की कार्यप्रणाली की समीक्षा करेंगी। संबंधित स्कूलों और केंद्रों का प्रत्येक तीन माह में निरीक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा।उपमंडल स्तर पर एसडीएम की अध्यक्षता में समितियां काम करेंगी।

तीन आईएएस की समिति लेगी पुनर्नियुक्ति मामलों पर फैसला

■ सरकार ने मामले की जांच व सिफारिश के गठित समिति में आंशिक संशोधन किया

हरिभूमि ब्यूरो ▶▶ चंडीगढ़

हरियाणा सरकार ने सरकारी सेवाओं में री-एम्पलायमेंट से जुड़े मामलों की जांच और सिफारिश के लिए पहले से गठित समिति में आंशिक संशोधन करते हुए नई समिति का गठन किया है।

यह समिति अपनी सिफारिशें संबंधित प्रशासनिक विभागों को प्रस्तुत करेगी, जिनके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी आदेश के अनुसार वरिष्ठ आईएएस अधिकारी सुधीर राजपाल, डॉ. सुमिता मिश्रा और विनीत गर्ग को समिति में बतौर सदस्य शामिल किया गया है। यह समिति री-एम्पलायमेंट से संबंधित व्यक्तिगत मामलों के साथ-साथ प्रशासनिक विभागों द्वारा भेजे जाने वाले किसी वर्ग या श्रेणी के कर्मचारियों से संबंधित मामलों की भी जांच करेगी। ऐसे मामलों में री-एम्पलायमेंट तभी विचाराधीन होगी, जब इसे जन सेवाओं की दक्षतापूर्ण डिलीवरी तथा संबंधित विभागों के उद्देश्यों की पूर्ति के लिए आवश्यक माना जाए। गौरतलब है यह समिति पूर्व में 20 जून, 2025 को गठित की गई थी, जिसमें 5 सितंबर, 2025 को भी संशोधन किया गया था।

हाईकोर्ट के फैसले के बाद शिक्षा मंत्री से मिले गेस्ट टीचर्स

■ डबल बेंच ने सरकार को दो माह में नियमितीकरण पर विचार कर फैसला लेने के दिए निर्देश

चंडीगढ़। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट की डबल बेंच का गेस्ट टीचर्स के नियमितीकरण से संबंधित विस्तृत और लिखित फैसला आने के बाद गेस्ट टीचर्स के प्रतिनिधिमंडल ने शिक्षा मंत्री महीपाल सिंह ढांडा से मुलाकात की। चंडीगढ़ स्थित शिक्षा मंत्री के आवास पर करीब दो घंटे चली बैठक में गेस्ट टीचर्स की मांगों और हाई कोर्ट के फैसले को लागू करवाने को लेकर सकारात्मक बातचीत हुई। प्रतिनिधिमंडल के अनुसार, शिक्षा मंत्री ने गेस्ट टीचर्स को नियमित करने सहित उनकी सभी मांगों पर जल्द कार्रवाई का आश्वासन दिया। गेस्ट टीचर्स के मीडिया प्रभारी डॉ. अजय लोहान ने बताया कि हरियाणा सरकार की अपील पर सुनवाई करते हुए हाई कोर्ट की डबल बेंच ने सिंगल बेंच के फैसले में संशोधन करते हुए विस्तृत फैसला जारी किया है। डबल बेंच ने सरकार को निर्देश दिए हैं कि गेस्ट टीचर्स के नियमितीकरण के दावों पर तथ्यों और कानून के सिद्धांतों के अनुसार विचार किया जाए। कोर्ट के आदेश की प्रति मिलने की तारीख से दो माह के भीतर सरकार को विचार-विमर्श कर इस मामले में फैसला लेना होगा।

उत्तर रेलवे

ई-निविदा सूचना

वर्कशॉप इलेक्ट्रिकल इंजीनियर (आई/सी) उत्तर रेलवे, जगाधरी वर्कशॉप, यमुनानगर, हरियाणा-135002, भारत के राष्ट्रपति के लिए और उनकी ओर से, केवल निम्नलिखित कार्यों के लिए ऑनलाइन मोड के माध्यम से ई-निविदाएं आमंत्रित करता है:-

कार्य का नाम	"ट्रेन लाइटिंग शॉप के अलग-अलग सेक्शन से नॉन-कोर POH एक्टिविटी आउटसोर्स की जाएगी"		
निविदा प्रकार	खुला	बोली प्रणाली	एकल पैकेट प्रणाली
निविदा विक्रय समापन तिथि	04.09.2026 प्रातः 11:30 बजे।	निविदा अपलोड करने की तिथि एवं समय	13.08.2026 15:32
पूर्व-बोली आवश्यक है	नहीं	आज तक प्री-बिड क्वेरी	ना
विज्ञापन मूल्य	रु. 46,17,375.86/- सभी कर जीएसटी आदि सहित।	निविदा अनुभाग	टेंडर एवं वर्क्स/ इलेक्ट्रिकल शाखा जगाधरी वर्कशॉप।
अग्रिम धन	रु. 92,400/-	ऑफर की वैधता	60 दिन
निविदा दस्तावेज लागत	Nil (अप्रैल 2022 के भाग-I खंड संख्या 3 के अनुसार)	समापन की अवधि	12 महीने
बोली आरंभ तिथि	21.08.2026	बोली समाप्ति तिथि	04.09.2026 प्रातः 11.30 बजे।

निविदा खोलने की तिथि एवं समय : उसके बाद किसी भी समय निविदा को बंद किया जा सकता है।
निविदाकर्ताओं को उदघाटन के दौरान उपस्थित रहने की आवश्यकता नहीं है। निविदा बंद होने के बाद किसी भी समय निविदा खोलने का अधिकार रेलवे के पास सुरक्षित है।
वेबसाइट : www.ireps.gov.in पर जाएं
सं.: 56/W/Elect/26-27/T/01/नॉन-कोर **2799/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हिसार सहित पांच जिलों में आज से अमृत फार्मेसियां शुरू होगी

चंडीगढ़। स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक किफायती और सुलभ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हरियाणा में पांच अमृत फार्मेसियां 15 अगस्त से कार्य करना शुरू करेंगी। इन फार्मेसियों के माध्यम से लोगों को गुणवत्तापूर्ण दवाएं काफी कम कीमत पर उपलब्ध होंगी, जिससे परिवारों पर उपचार के दौरान होने वाला जेब से खर्च कम करने में मदद मिलेगी। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव डॉ. सुमिता मिश्रा ने शुक्रवार यहां बताया कि स्वतंत्रता दिवस से फतेहाबाद, हांसी, सिरसा, चरखी दादरी और हिसार में पांच अमृत फार्मेसियां कार्य शुरू कर देंगी। यह पहल मुख्यमंत्री के हर जिले में अमृत फार्मेसी स्थापित करने के विजन को जमीनी स्तर पर लागू करने की दिशा में महत्वपूर्ण शुरुआत है। इसका उद्देश्य लोगों को अपने घर के नजदीक गुणवत्तापूर्ण दवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें दवाओं के लिए बड़े शहरों में न जाना पड़े।

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्रमांक	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि /समय
13	MSS-UMB-RPAR -RCR-88-26-1	अम्बाला मंडल के रूप नगर रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12'x8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)।	24.08.2026 12.00.00 hrs
14	MSS-UMB-JUDW -RCR-84-26-1	अम्बाला मंडल के जगाधरी वर्कशॉप रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12'x8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)।	24.08.2026 12.00.00 hrs
15	MSS-UMB-LHA-RCR-72-26-2	अम्बाला मंडल के लेहरा गागा रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12'x8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)।	24.08.2026 12.00.00 hrs
16	MSS-UMB-DUI-RCR-70-26-2	अम्बाला मंडल के धूरी रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12'x8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)।	24.08.2026 12.00.00 hrs
17	MSS-UMB-SRE-PSKsk-54-25-1	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 54 वर्ग फुट क्षेत्रफल की पूजा सामग्री की दुकान/कियोस्क की स्थापना एवं संचालन हेतु ठेके का आवंटन	24.08.2026 12.00.00 hrs
18	MSS-UMB-MRND -KStnGP-110-26-1	मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर 10' x 10' = 100 वर्ग फुट क्षेत्रफल (साइट प्लान के अनुसार) में एक किराना स्टोर (अस्थायी संरचना) की स्थापना, संचालन एवं रख-रखाव।	24.08.2026 12.00.00 hrs
19	MSS-UMB-KARR-EVCBS-107-26-1	खरड़ रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी पॉलिसी के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/या बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन के लिए अनुबंध। (साइट प्लान अनुसार)	28.08.2026 12.00.00 hrs
20	MSS-UMB-SASN-EVCBS-106-26-1	साहिबजादा अजीत सिंह नगर (मोहाली) रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी पॉलिसी के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/या बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन के लिए अनुबंध। (साइट प्लान अनुसार)	28.08.2026 12.00.00 hrs
21	MSS-UMB-LLU-EVCBS-108-26-1	लालरू रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड की ई-मोबिलिटी पॉलिसी के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/या बैटरी स्वैपिंग स्टेशन की स्थापना, अनुरक्षण एवं संचालन के लिए अनुबंध। (साइट प्लान अनुसार)	28.08.2026 12.00.00 hrs
22	MSS-UMB-GHG-EVCBS-109-26-1	घग्घर रेलवे स्टेशन पर रेलवे बोर्ड की मोबिलिटी पॉलिसी के अनुसार इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) चार्जिंग स्टेशन और/या बैटरी स्वैपिंग स्टेशन स्थापित करने, उसका अनुरक्षण एवं संचालन करने हेतु अनुबंध। (साइट प्लान अनुसार)	28.08.2026 12.00.00 hrs

-नीलामी लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जायें। **2808/2026**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर छात्रों ने दी श्रद्धांजलि

पंचकूला/कालका। राजकीय महाविद्यालय कालका में विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस के अवसर पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य वर्ष 1947 में देश के विभाजन के दौरान विस्थापन और पीड़ा झेलने वाले तथा अपने प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धापूर्वक याद करना और युवा पीढ़ी को उस त्रासदी के इतिहास से अवगत कराना रहा। इस दौरान विभाजन के समय घटित घटनाओं, विस्थापित परिवारों की कठिनाइयों, संघर्ष और साहस पर प्रकाश डाला गया। पंजाबी विभाग के डॉ. जगपाल ने कहा कि विभाजन की विभीषिका हमें शांति, मानवता, आपसी भाईचारे और सामाजिक सद्भाव का महत्व समझाती है। विद्यार्थियों को विभाजन से जुड़े ऐतिहासिक तथ्यों से अवगत करवाया गया।

Office of the Market Committee, Rohtak, NGM/NVM/NFM Rohtak.

NOTICE INVITING TENDERS

The Market Committee, Rohtak invite online tender for the following works from the Contractors/Societies.

Sr. No.	Work Description	Earnest Money (in Rs.)	Tender Documents fee (in Rs.)	E-service fee (in Rs.)	Maximum Price for complete tender period	Beginning / Closing Date for online bid	Tender Opening Date	Period
1	Daily cleaning/sweeping within the NGM/ NVM/NFM, Rohtak i/c Kisan Bazar, Retail Market, Canteen, Residential Colony at Old Chara Mandi Campus NGM/NVM Kalanaur, AND Purchase Center Kiloi, Madina, Sanghi, Lakhan Majra&Kharak Kalan. All the Toilets, Urinals, Drinking Water Piao,Cleaning Sewerage line, Office Premises are to be cleaned daily. Collection, Segregation & Dumping of waste / garbage/mud and dust daily outside the mandi area and at place specified by Municipal Corporation Rohtak by his own Tractor Trolly/Dumper at his own cost.	2,00,000/- (Relaxation will be provided as per HSAMB Memo No. H&C-A-I-2023/ 20926-28 Dated 19.04.2023)	2000/-	1180/-	Cleanliness = 4269000/- Garbage dumping (Subject to Production of actual receipt from concerned department / agency) = 1095000/- Total= 5364000/-	12.08.2026 05:00 PM to 25.08.2026 11:00 AM	25.08.2026 02:00 PM	01.09.2026 to 31.08.2027

Note:- For details please visit our website: http://e-tenders.hry.nic.in
1. The payment for Tender Document Fee and e-Service Fee shall be made by eligible bidders online directly through Internet Banking Accounts and the payment for EMD can be made online directly through RTGS/NEFT. Please refer to 'Online Payment Guideline' available at the Single e-Procurement portal of Govt. of Haryana and also mentioned under the Tender Document.
2. The interested bidders must remit the funds at least T +1 working day(Transaction day +one working day) in advance i.e. on or before(Mention Date & Time); and make payment via RTGS/NEFT to the beneficiary account number specified under the online generated challan. The intended bidder/Agency thereafter will be able to successfully verify their payment online and submit their bids on or before the expiry date & time of the respective events/Tenders at http://e-tenders.hry.nic.in
3. Only online Technical Bids will be accepted, offline Technical Bids will not be accepted.

Secretary-cum-E.O.
Market Committee, Rohtak

उत्तर रेलवे

ई-नीलामी सूचना

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, उत्तर रेलवे, अंबाला कैंट भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए उत्तर रेलवे के अंबाला मंडल के रेलवे स्टेशनों पर अनुबंधों के आवंटन के लिए IREPS वेबसाइट पर ई-ऑक्शन के माध्यम से बोलियां आमंत्रित करते हैं।

क्र. सं.	लॉट संख्या	विवरण	नीलामी प्रारंभ तिथि/समय
1	ADVT-UMB-SRE-OH-339-25-1	सहारनपुर रेलवे स्टेशन पर लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्डों के माध्यम से विज्ञापन प्रदर्शित करने के वाणिज्यिक प्रचार अधिकार। लोलिपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 होगी तथा प्रत्येक लोलिपॉप क्यूबॉइड का आकार 1.5' x 1.5' x 1.5' से अधिक नहीं होगा।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
2	ADVT-UMB-SIR-OH-363-26-1	सरहिंद रेलवे स्टेशन के सरकुलेटिंग क्षेत्र में लोलिपॉप क्यूबॉइड बोर्डों के माध्यम से विज्ञापनों के प्रदर्शन हेतु वाणिज्यिक प्रचार अधिकार। लोलिपॉप क्यूबॉइड की कुल संख्या 15 होगी तथा प्रत्येक क्यूबॉइड का आकार 1.5' x 1.5' x 1.5' से अधिक नहीं होगा। कुल क्षेत्रफल 135 वर्ग फुट होगा। (साइट प्लान के अनुसार)	24.08.2026 12:00:00 hrs.
3	ADVT-UMB-UMB-OSN-358-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) अम्बाला कैंट रेलवे स्टेशन पर कुल 4619.50 वर्ग फुट क्षेत्र को कवर करते हुए 104 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से (साइट प्लान के अनुसार)	24.08.2026 12:00:00 hrs.
4	ADVT-UMB-SMRL-OSN-355-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) समराला रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 210 वर्ग फुट क्षेत्र में 08 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
5	ADVT-UMB-SAG-OSN-361-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) संगरूर रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 87.5 वर्ग फुट क्षेत्र में 10 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00
6	ADVT-UMB-DUI-OSN-348-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) धूरी रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 140 वर्ग फुट क्षेत्र में 16 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
7	ADVT-UMB-NMDA-OSN-356-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) न्यू मोरिंडा रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 510 वर्ग फुट क्षेत्र में 17 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
8	ADVT-UMB-KARR-OSN-357-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) खरड़ रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 225 वर्ग फुट क्षेत्र में 09 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
9	ADVT-UMB-SFMU-OSN-359-26-1	वाणिज्यिक विज्ञापन (गैर-डिजिटल) सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर साइट प्लान के अनुसार कुल 35 वर्ग फुट क्षेत्र में 04 विज्ञापन बोर्डों के माध्यम से।	24.08.2026 12:00:00 hrs.
10	MSS-UMB-KLK-SLPod-104-26-1	नवीनीकरण (उन्नयन), संचालन, अनुरक्षण एवं प्रबंधन। कालका रेलवे स्टेशन (NSG-3 श्रेणी) पर स्थित पुराने PRS भवन को आधुनिक सुविधाओं एवं सुख-सुविधाओं से युक्त मॉड्यूलर स्लीपिंग पॉड्स में परिवर्तित कर स्लीपिंग पॉड्स का संचालन। कुल क्षेत्रफल: 30 मीटर x 7.85 मीटर अर्थात 235.5 वर्ग मीटर। (साइट प्लान के अनुसार)	24.08.2026 12:00:00 hrs.
11	MSS-UMB-RPJ-AVM-103-26-1	अम्बाला मंडल के राजपुरा रेलवे स्टेशन पर 03 एवं अम्बाला सिटी रेलवे स्टेशन पर SS कार्यालय के सामने 01, कुल 04 स्वचालित वेंडिंग मशीनों (AVMs) की स्थापना एवं संचालन। विवरण साइट प्लान अनुसारः राजपुरा - UTS/PRS हॉल में 01, PF 2/3 पर ट्रॉली नं. 4 के पास 01, PF 1 पर OSOP स्टॉल के पास 01; अम्बाला सिटी - SS कार्यालय के सामने 01	24.08.2026 12:00:00 hrs.
12	MSS-UMB-SFMU-RCR-71-26-2	अम्बाला मंडल के सुनाम उधम सिंह वाला रेलवे स्टेशन पर 03 वर्ष की अवधि के लिए कुल 12' x 8' = 96 वर्ग फुट क्षेत्र में फूड वैन का निर्माण, संचालन एवं रखरखाव (साइट प्लान के अनुसार)	24.08.2026 12:00:00 hrs.

नीलामी/लीजिंग आमंत्रण सूचना, नीलामी प्रपत्र, एक बार पंजीकरण व अधिक जानकारी हेतु, रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर जाये। **2807/26**
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

हरियाणा सरकार **निविदा सूचना**

क्र. सं.	विभाग का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि	राशि/ईएमडी (लगभग) रु. में	विभाग की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ई-मेल
1	लोनिवि भ व प जीन्द	जीन्द जिले में सफीदों में 550 वर्गफुट श्रेणी-IV आवास सहित लोनिवि विश्राम गृह का निर्माण (माननीय सी.एम. घोषणा कोड सं. 25932 दिनांक 03.04.2022)	बंद होने की तिथि 07.09.2026	540.63 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8398098075 pwdeepdjind@gmail.com
2	पंचायती राज पंचकूला	हथिया - गांव हथिया, जी.पी. उत्तरों, ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में प्रेम सिंह के मकान से आर/वॉल और गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 1 कार्य।	13.08.2026 19.08.2026	4.93 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
3	पंचायती राज गन्नौर	गांव बजाना कलां, ब्लॉक गन्नौर, सोनीपत में नाला (बाबा समाध से राजबीर पुत्र श्री पृथी तक) का निर्माण, स्कीम का नाम वीएएनजीवाई + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 25.08.2026	16.66 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7015771521 sdoprganaur1@gmail.com
4	पंचायती राज पंचकूला	हथिया - गांव हथिया, जीपी उत्तरों, ब्लॉक मोरनी, जिला पंचकूला में मेन रोड से गांव तक गली का निर्माण (एसडीए 2025-26) + 1 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	34.83 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
5	पंचायती राज पंचकूला	धनदारडु - गांव धनदारडु, ब्लॉक बरवाला, जिला पंचकूला में राजकुमार के फार्म से सती मंदिर तक आर/वॉल का निर्माण (वीएएनजीवाई 2025-26) + 1 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	7.46 लाख	https://etenders.hry.nic.in	7901797988 prexeeng.pkl@hry.nic.in
6	पंचायती राज गन्नौर	गांव भोरा रसुलपुर ब्लॉक गन्नौर में बीसी चौपाल का निर्माण, स्कीम का नाम - वीएएनजीवाई + 1 कार्य।	बंद होने की तिथि 27.08.2026	18.74 लाख	https://etenders.hry.nic.in	8168237223 sdoprganaur1@gmail.com
7	पंचायती राज रोहतक	गांव रिटौली में जीवीएच का पुनरोद्धार + 10 कार्य।	11.08.2026 17.08.2026	192.35 लाख	https://etenders.hry.nic.in	1262254150 prexeeng.roh@hry.nic.in
8	पंचायती राज करनाल	पिंगली, गांव पिंगली, ब्लॉक चिराव में व्यायामशाला (दो एकड़) का निर्माण, स्कीम एचजीवीवाई + 9 कार्य।	12.08.2026 22.08.2026	309.77 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9896634422 prexeeng.krl@hry.nic.in
9	जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग हिसार	उप मण्डल सं. 2, हिसार के अधिकार-क्षेत्र के तह चालक, इंधन, फोल्डेबल ट्यूब 150 मी., हैल्पर समेत ट्रैक्टर बर्मा को किराये पर लेना + 2 कार्य।	बंद होने की तिथि 19.08.2026	20.23 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01662-247033 eephisar@gmail.com
10	सब्जियों के लिए बागवानी उत्कृष्टता केन्द्र (एलएलपी) विभाग हरियाणा घरसुंडा, करनाल	संरक्षित संरचनाओं की मरम्मत के लिए अल्प अवधि ई-निविदा।	17.08.2026 02.09.2026	ईएमडी 12000	https://etenders.hry.nic.in	9729303303 ddh.cev@gmail.com
11	सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग हरियाणा, चरखी दादरी	बधवाना डिस्टी. के आरडी 87500आर, आरडी 97630-आर, आरडी 10100-आर के लिए स्थलों की शर्तों के अनुरूप मोटर्स को चलाने के लिए आवश्यक केडब्ल्यूपी सोलर पीवी मॉड्यूल्स और सोलर वीएफडी/ एमपीपीटी कंट्रोलर और अन्य आवश्यक मदों एवं एक्सेसरीज सहित हाई-फ्लो ओपन-वैल सबमर्सिबल पम्प सैट समेत 10 एम स्टेटिक लिफ्ट पर लगभग 2 क्यूसेक (57 एलपीएस) प्रत्येक डिस्चार्ज के लिए 2 अदद 15 एचपी सैटअप और 1 अदद 20 एचपी एसी सोलर ओपन-वैल सबमर्सिबल पम्पिंग सिस्टम डिजाइंड की आपूर्ति, स्थापना, परीक्षण और प्रचालन।	बंद होने की तिथि 27.08.2026	25 लाख	https://etenders.hry.nic.in	01250-220058 xenlwsmech@gmail.com

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें www.etenders.hry.nic.in पीआरडीएच-11/2027/220/48219/I/88/6 दि. 14.08.26

खबर संक्षेप

कैदी ने गटका टॉयलेट क्लीनर, पीजीआई रोहतक रेफर

रेवाड़ी। वीरवार देर सायं जिला में बंद एक विचाराधीन कैदी ने संदिग्ध हालात में टॉयलेट क्लीनर पी लिया। इससे पहले उसने सुसाइड के इरादे से खुद को चोट भी पहुंचाई। पता चलने के बाद जेल प्रशासन ने उसे ट्रॉमा सेंटर पहुंचाया, जहां से उसे गंभीरावस्था में रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया गया। साइबर थाना पुलिस ने करोड़ों रुपये की ठगी के मामले में जींद के हाउसिंग बोर्ड निवासी मनोज को मई माह में गिरफ्तार किया था। कोर्ट में पेश करने के बाद उसे न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेजा गया था। तभी से वह जमानत नहीं मिलने के बाद जेल में है। वीरवार को शाम के समय मनोज ने जेल के बाथरूम में लगी जाली निकालकर अपने हाथ पर वार करते हुए नस काटने का प्रयास किया। उसे जेल अस्पताल में दाखिल करा दिया गया था। उसके बाद मनोज ने टॉयलेट में रखा क्लीनर पी लिया। जेल अधीक्षक रेशम सिंह के मुताबिक मनोज मानसिक रूप से बीमार है, जिसका पहले से ही उपचार चल रहा है।

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड में दबाया छेड़छाड़ का मामला

प्राध्यापक ने की छात्रा से छेड़छाड़, आरोपी को पीटने के बाद परिजनों ने लगाया जाम

- आरोपी प्राध्यापक को पुलिस ने किया गिरफ्तार, 12वीं की छात्रा ने लगाए आरोप-10 दिन पहले महिला शिक्षिका को दी थी शिकायत, नहीं हुई कार्रवाई, 13 अगस्त को फिर की छेड़छाड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढांड में 12वीं की छात्रा से छेड़छाड़ के आरोपों के बाद उस समय माहौल गरमा गया जब ग्रामीणों ने गणित प्राध्यापक वीरेंद्र सिंह की बीच स्कूल जमकर धुनाई कर डाली। बाद में बीच बचाव कर उसे छुड़ाया गया तथा उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। थाना ढांड पुलिस ने छात्रा के पिता की शिकायत पर आरोपी शिक्षक के खिलाफ केस दर्ज कर करते हुए उसे गिरफ्तार कर लिया।

छात्रा के पिता का कहना है कि आरोपी प्राध्यापक छात्रा से लैब में छेड़छाड़ करता था। उसने करीब 10 दिन पहले स्कूल की एक महिला अध्यापक को भी मामले की जानकारी दी थी, लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इसे लेकर प्रधानाचार्य द्वारा मीटिंग तो ली लेकिन इसके बावजूद कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसके उपरांत आरोपी शिक्षक ने 13 अगस्त को छात्रा के साथ दोबारा अश्लील हरकत की और अनुसूचित जाति से संबंधित आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करते हुए उसे धमकाया। मामले की जानकारी छात्रा के परिजनों को मिलने के बाद वे स्कूल पहुंचे। यहां परिजनों ने आरोपी शिक्षक के साथ मारपीट कर दी। इसके बाद ग्रामीणों ने स्कूल के मुख्य गेट के सामने करनाल-पटियाला हाईवे पर जाम लगा दिया और धरने पर बैठ गए। जाम के कारण हाईवे के दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गईं। भारतीय किसान यूनियन के युवा प्रदेशाध्यक्ष राजीव आर्य ढांड के नेतृत्व में ग्रामीणों ने स्कूल प्रबंधन और सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। सूचना मिलने पर ढांड थाना प्रभारी शक्ति सिंह पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और ग्रामीणों को जाम खोलने के लिए समझाया। स्थिति को देखते हुए डीएसपी सुशील कुमार भी मौके पर पहुंचे। उन्होंने पीड़ित परिवार और ग्रामीणों से बातचीत कर आश्वासन दिया। करीब एक घंटे बाद ग्रामीणों ने जाम खोल दिया और हाईवे पर यातायात सुचारू हो सका। स्कूल प्रिंसिपल का अतिरिक्त कार्यभार संभाल रहे वीरेंद्र शर्मा ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में शुक्रवार को ही आया है। उच्चाधिकारियों को मामले की सूचना दे दी है।

कैथल। ढांड में प्राध्यापक पर कार्रवाई के लिए जाम लगाते स्थानीय निवासी।

> जिला शिक्षा अधिकारी प्रमोद कुमार ने बताया कि मामला उनके संज्ञान में आया है। आरोपी प्राध्यापक को पुलिस के हवाले कर दिया गया है। वे मामले की निष्पक्षता से जांच करवाएंगे तथा जो भी कर्मचारी इसमें दोषी पाया जाएगा जो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

भाजपा ने 27 संगठनात्मक जिलों के प्रभारी बनाए, 4 महिलाओं को मिली कमान

पंचकूला। भारतीय जनता पार्टी ने हरियाणा में संगठनात्मक स्तर पर महत्वपूर्ण नियुक्तियां करते हुए प्रदेश के 27 संगठनात्मक जिलों के जिला प्रभारी नियुक्त किए हैं। नई नियुक्तियों में महिला नेतृत्व को भी स्थान दिया गया है और चार महिला पदाधिकारियों को जिला प्रभारी का दायित्व सौंपा गया है।

जिला	प्रभारी
पंचकूला	रवि बतान
अम्बाला	मदन चौहान
यमुनानगर	धर्मवीर मिर्जापुर
कुरुक्षेत्र	दीपक शर्मा
कैथल	अमरपाल राणा
करनाल	जवाहर यादव
पानीपत	ललित बत्रा
सोनीपत	राजबाला एडवोकेट
गोहाना	मीना चौहान
जींद	अशोक गुर्जर
रोहतक	विजयपाल एडवोकेट
झज्जर	हरविन्द कोहली
डबवाली	रविन्द्र बलियाला
सिरसा	भारतभूषण जुयाल
हांसी	प्रतिभा सुमन
हिसार	सुरेन्द्र आर्य
फतेहाबाद	सुरेन्द्र पूनिया
भिवानी	अरविन्द यादव
दादरी	शैलेन्द्र पाण्डेय
रेवाड़ी	मदन गोयल
महेन्द्रगढ़	वरुण श्योराण
गुरुग्राम	सन्दीप जोशी
गुरुग्राम महानगर	राजकुमार वोहरा
नूंह	दीपक मंगला
पलवल	नागेन्द्र शर्मा
फरीदाबाद महानगर	कमल यादव
फरीदाबाद	लतिका शर्मा

नैनीताल में खाई में गिरी फरीदाबाद की ट्रैवलर एक की मौत, 21 घायल

नैनीताल/फरीदाबाद। फरीदाबाद के पर्यटकों से भरी ट्रैवलर गाड़ी नैनीताल के मुक्तेश्वर में सतबुंगा के पास करीब 50 फीट गहरी खाई में गिर गई। हादसे में एक की मौत हो गई और 21 लोग घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस, एसडीआरएफ, एनडीआरएफ, जिला प्रशासन और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान शुरू किया। ट्रैवलर में चालक समेत 22 लोग सवार थे। रेस्क्यू टीम ने 21 यात्रियों को एक-एक कर खाई से निकालकर एंबुलेंस से भवाली और नजदीकी सीएचसी भेजा। वहीं, एक यात्री के ट्रैवलर के नीचे दबे होने की जानकारी के बाद उसे निकालने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। सभी यात्री फरीदाबाद के बताए जा रहे हैं और मुक्तेश्वर घूमने के बाद ट्रैवलर से भवाली की ओर लौट रहे थे। मुक्तेश्वर के पास सतबुंगा क्षेत्र में ट्रैवलर अनियंत्रित होकर करीब 50 फीट गहरी खाई में जा गिरी।

एक व्यक्ति वाहन में फंसा

नैनीताल एसपी डॉ. जगदीश चंद्र ने बताया कि हादसे में फरीदाबाद निवासी सुमित पाल सिंह (24) पुत्र कनक पाल सिंह की इलाज के दौरान मौत हो गई है। बस के अंदर अभी भी एक व्यक्ति फंसा हुआ है, जिसकी स्थिति अत्यधिक नाजुक बनी है। बचाव दल की ओर से गैस कटर और अन्य उपकरणों की मदद से वाहन को काटकर फंसे हुए व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकालने के प्रयास तेजी से जारी हैं।

सीएम के कार्यक्रम में एसी बंद मिलने पर एसडीई निलंबित

- मरम्मत करने वाली कंपनी पर भी केस दर्ज करवाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दीनबंधु छोटूराम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, मुरथल में मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के कार्यक्रम के दौरान सभागार के एसी में गड़बड़ी पर प्रशासन ने कार्रवाई की है। एचवीएसी व्यवस्था की जिम्मेदारी संभालने वाली इलेक्ट्रिकल शाखा के एसडीई युद्धवीर दलाल को निलंबित कर दिया गया है। वहीं मेंटेनेंस इंचार्ज डॉ. प्रवीण गर्ग को कारण बताओ नोटिस जारी किया है। एचवीएसी व्यवस्था की मरम्मत करने वाली कंपनी क्लाइमावेनेटा क्लाइमेट टेक्नोलॉजीज और उसके निदेशक सुभाष चंदा के खिलाफ थाना मुरथल में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मुख्यमंत्री वीरवार को विश्वविद्यालय में आधुनिक दक्षता केंद्र का उद्घाटन करने पहुंचे थे।

कुलसचिव डॉ. अमित कुमार की शिकायत के अनुसार, एचवीएसी सिस्टम के रखरखाव के तहत मरम्मत के लिए संबंधित कंपनी ने 28,45,576 रुपये का प्रस्ताव दिया, जिसे मंजूरी मिलने के बाद पूरी राशि अग्रिम ले ली, लेकिन काम निर्धारित समय में पूरा नहीं किया। बाद में कलपुर्जे बदलने के लिए 6.15 लाख रुपये अतिरिक्त मांगे गए। विश्वविद्यालय को दूसरी एजेंसी सीआईएस ग्लोबल इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड से 10.62 लाख में काम करवाना पड़ा। पुलिस ने धोखाधड़ी और अमानत में खयानत की धाराओं में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस ने अपराधियों से जुड़ी डेढ़ करोड़ की फैक्ट्री गिरवाई

गुरुग्राम। क्राइम ब्रांच की टीम ने आपराधिक गतिविधियों से संबंधित अवैध प्लास्टिक फैक्ट्री को ध्वस्त कर दिया। पुलिस जांच में सामने आया कि हर महीने करीब 20 से 25 लाख रुपये का अनुचित लाभ यहां से अपराधियों द्वारा लिया जा रहा था। 200 वर्ग गज की इस प्रॉपर्टी की कीमत करीब 1.5 करोड़ रुपये बताई गई है, जिसे विनय बाजवा निवासी प्रताप नगर द्वारा संचालित किया जा रहा था। जांच में सामने आया कि फैक्ट्री में प्लास्टिक शीट, पॉलिथीन एवं बैग आदि तैयार किए जाते थे। जांच में सामने आया कि विनय बाजवा व कुख्यात अपराधी कौशल चौधरी मिलकर खांडसा मंडी क्षेत्र में दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों पर दबाव बनाते थे। कौशल चौधरी के दबाव एवं डर-धमकी के माध्यम से खांडसा मंडी के दुकानदारों एवं रेहड़ी वालों को बाजवा की फैक्ट्री से ही सामान खरीदने के लिए मजबूर किया जाता था।

फर्जी प्रमाण पत्रों से सिपाही भर्ती होने में एक गिरफ्तार

हिसार। सदर थाना पुलिस ने फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्र उपलब्ध करवाने के मामले में गुरुग्राम के ब्राह्मणवास, नूरगढ़ गांव निवासी सचिन उर्फ मास्टर को गिरफ्तार किया है। सदर थाना में इस संबंध में 22 दिसंबर 2022 को धोखाधड़ी की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया गया था। मामले की जांच सदर थाना के पीएसआई शीशपाल ने की। पुलिस जांच में सामने आया कि मामले की आरोपी गुरुग्राम जिले के हुसैनका निवासी दिव्या कुमारी पर फर्जी शैक्षणिक प्रमाण पत्रों के आधार पर पुलिस विभाग में सिपाही पद पर भर्ती हासिल करने का आरोप है। जांच के दौरान संबंधित विश्वविद्यालयों से शैक्षणिक प्रमाण पत्रों की सत्यापन रिपोर्ट मंगवाई गई, जिसमें प्रमाण पत्र फर्जी पाए गए। जांच के दौरान सचिन को मामले में शामिल कर उससे पूछताछ की गई। आरोपी की संलिप्तता मिलने पर उसे गिरफ्तार किया गया।

बावरिया गैंग का कुख्यात डकैत धारा सिंह गिरफ्तार

- भिवानी के जुई गांव में पहचान छिपाकर रह रहा था आरोपी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

पुलिस की एसटीएफ यूनिट ने उत्तरप्रदेश और हरियाणा के कई जिलों में आतंक फैला चुके कुख्यात बावरिया गैंग के एक खूंखार डकैत को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए आरोपी की पहचान धारा सिंह के रूप में हुई है। उस पर दोनों राज्यों को मिलाकर कुल एक लाख पांच हजार रुपये का इनाम घोषित था और वह लंबे समय से फरार चल रहा था। आरोपी धारा उत्तरप्रदेश के मथुरा जिले का निवासी है। गिरफ्तारी से बचने के लिए वह लगातार ठिकाने बदल रहा था। पिछले कुछ समय से वह पहचान छिपाकर हरियाणा के भिवानी के जुई गांव में रह रहा था।

दो राज्यों में इनामी था

धारा बावरिया पर उत्तरप्रदेश और हरियाणा में डकैती, लूटपाट, चोरी और अवैध हथियारों के बल पर आतंक फैलाने के कई गंभीर मामले दर्ज हैं। उसकी आपराधिक गतिविधियों को देखते हुए उत्तर प्रदेश के अपर पुलिस महानिदेशक ने उसकी गिरफ्तारी पर एक लाख रुपये का इनाम घोषित कर रखा था। साथ ही हरियाणा पुलिस ने भी उस पर पांच हजार रुपये का इनाम रखा था। यह गैंग रात के समय हथियारों से लैस होकर सीधे लोगों के घरों में घुस जाता था। इस गिरोह के दो अन्य डकैत पहले ही उत्तर प्रदेश पुलिस के साथ हुई एक मुठभेड़ में मारे जा चुके हैं।

चिंतन

आजाद देश में अपशब्द कहने की आजादी नहीं

लोकतंत्र में सत्ता से सवाल पूछना और सरकार की नीतियों की आलोचना करना विपक्ष का अधिकार है, लेकिन राजनीतिक असहमति को व्यक्तिगत अपमान और अभद्र भाषा में बदल देना लोकतांत्रिक मर्यादा के लिए गंभीर चुनौती है। देश को ऐसी राजनीति की जरूरत है, जिसमें कटाक्ष की जगह मुद्दे हों, आरोपों की जगह तथ्य हों और राजनीतिक प्रतिस्पर्धा के बीच संवैधानिक पदों की गरिमा कायम रहे। नेता बदलते रहेंगे, लेकिन लोकतांत्रिक मर्यादा और जनता का सम्मान स्थायी रहना चाहिए। ऐसे में आजाद देश में किसी को अपशब्द कहने की आजादी कतई नहीं हो सकती। ऐसे में कांग्रेस सांसद राहुल गांधी द्वारा भाजपा और आरएसएस पर मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाना कहां तक उचित है? लोकतंत्र में असहमति की जगह जितनी बड़ी है, सार्वजनिक जीवन में मर्यादा की जरूरत भी उतनी ही है। राजनीतिक बहस जब तर्क से हटकर व्यक्तिगत कटाक्ष और सार्वजनिक उपहास में बदल जाती है तो चोट केवल किसी व्यक्ति को नहीं लगती, लोकतांत्रिक संवाद की गुणवत्ता भी गिरती है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के 'शुद्धिकरण' का विवाद इसी व्यापक राजनीतिक गिरावट के बीच सामने आया है। यहां भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा का यह कहना महत्वपूर्ण है कि ऐसी घटना दुखद है और भाजपा ऐसी गतिविधियों का समर्थन नहीं करती। यदि किसी स्तर पर भेदभावपूर्ण व्यवहार हुआ है तो उसकी निष्पक्ष जांच होनी चाहिए और दोषी पाए जाने पर कानून के मुताबिक कार्रवाई भी। लोकतंत्र में किसी गलत घटना का विरोध करते हुए भी शब्दों की मर्यादा कायम रखना जरूरी है। अन्यथा एक गलत व्यवहार दूसरे गलत व्यवहार के लिए बहाना बन जाता है और समाज लगातार टकराव की ओर बढ़ता जाता है। राहुल गांधी विपक्ष के नेता हैं। यह पद उन्हें सरकार से सवाल पूछने की असाधारण जिम्मेदारी देता है। उन्हें बेरोजगारी, महंगाई, सामाजिक न्याय, आर्थिक असमानता और संवैधानिक संस्थाओं जैसे मुद्दों पर सरकार को घेरना चाहिए, लेकिन यदि हर राजनीतिक विवाद को व्यक्तिगत हमले और उत्तेजक भाषा में बदल दिया गया तो विपक्ष की गंभीरता स्वयं कमजोर होगी। जनता विपक्ष से केवल सरकार की आलोचना नहीं, बेहतर विकल्प की अपेक्षा करती है। सत्ता पक्ष की जिम्मेदारी भी इससे कम नहीं है। विपक्ष की तीखी भाषा का जवाब उससे भी तीखे व्यक्तिगत हमले से देना स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा नहीं हो सकती। लोकतांत्रिक मर्यादा का पैमाना सत्ता और विपक्ष के लिए अलग-अलग नहीं हो सकता। आज राजनीति सोशल मीडिया के दौर में है, जहां एक उत्तेजक वाक्य कुछ मिनटों में लाखों लोगों तक पहुंच जाता है। इसलिए नेताओं के शब्दों की जिम्मेदारी पहले से कहीं अधिक बढ़ गई है। मीम और वायरल क्लिप तत्काल राजनीतिक लाभ दे सकते हैं, लेकिन वे बेरोजगारी नहीं मिटाते, महंगाई कम नहीं करते और सामाजिक विश्वास नहीं बनाते। आजाद देश में बोलने की आजादी लोकतंत्र की ताकत है, लेकिन अपशब्द बोलने की आजादी लोकतंत्र की पहचान नहीं हो सकती। असहमति को दबाया नहीं जाना चाहिए, मगर असहमति की भाषा भी ऐसी होनी चाहिए जो समाज को जोड़े। चुनाव आते-जाते रहेंगे, सरकारें बदलती रहेंगी और नेता भी बदलेंगे; स्थायी रहना है तो संविधान, संस्थाओं और नागरिक गरिमा का सम्मान। यही परिपक्व लोकतंत्र की कसौटी है। सत्ता सवालों से न डरे, विपक्ष तर्क से न भागे और दोनों भाषा की मर्यादा न भूलें।

आजादी के अमृत काल में एआई और युवा

मुद्दा
दिनेश शर्मा 'दिनेश'

> आजादी के इस पावन त्योहार पर जहां हम अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों को याद करते हैं, वहीं स्वतंत्र भारत के भविष्य को नई दिशा देने के लिए संकल्प लेते हैं। वर्तमान परिदृश्य में यह नया संकल्प तकनीकी स्वाधीनता, मानसिक संप्रभुता और आत्मनिर्भरता का होना आवश्यक जान पड़ता है। हम मानव सभ्यता और औद्योगिक इतिहास के एक ऐसे मुहाने पर खड़े हैं जहां तकनीक केवल हमारे जीवन को सुविधाजनक ही नहीं बना रही है, बल्कि हमारे सोचने, काम करने और जीने के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बदल रही है। इस अभूतपूर्व तकनीकी क्रांति के केंद्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई है। भारत में एआई का प्रयोग अब केवल भविष्य की विज्ञान कथाओं का हिस्सा नहीं रहा।

आज हम गर्व के साथ 80वां स्वतंत्रता दिवस मना रहे हैं। आजादी के इस पावन त्योहार पर जहां हम अपने महान स्वतंत्रता सेनानियों के अमर बलिदानों को याद करते हैं, वहीं स्वतंत्र भारत के भविष्य को नई दिशा देने के लिए संकल्प लेते हैं। वर्तमान परिदृश्य में यह नया संकल्प तकनीकी स्वाधीनता, मानसिक संप्रभुता और आत्मनिर्भरता का होना आवश्यक जान पड़ता है। हम मानव सभ्यता और औद्योगिक इतिहास के एक ऐसे मुहाने पर खड़े हैं जहां तकनीक केवल हमारे जीवन को सुविधाजनक ही नहीं बना रही है, बल्कि हमारे सोचने, काम करने और जीने के बुनियादी ढांचे को पूरी तरह से बदल रही है। इस अभूतपूर्व तकनीकी क्रांति के केंद्र में कृत्रिम बुद्धिमत्ता यानी एआई है। भारत वर्तमान में दुनिया की सबसे बड़ी युवा आबादी वाला देश है, जिसके लिए इस तकनीक से तालमेल बिठाना केवल एक आर्थिक जरूरत नहीं रह गया है, बल्कि इक्कीसवीं सदी में अपनी वैश्विक स्थिति को मजबूत करने की सबसे बड़ी अनिवार्यता बन गया है। भारत में एआई का प्रयोग अब केवल भविष्य की विज्ञान कथाओं का हिस्सा नहीं रहा, बल्कि यह हमारे वर्तमान का एक ठोस और जीवंत सच है। आज देश के सुदूर गांवों में एक आम किसान अपनी फसल की बीमारियों को पहचानने और मौसम का सटीक पूर्वानुमान लगाने के लिए एआई आधारित मोबाइल ऐप का इस्तेमाल कर रहा है।

स्वास्थ्य के क्षेत्र में, जहां ग्रामीण इलाकों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की कमी हमेशा से एक बड़ी चुनौती रही है, वहां एआई की मदद से बीमारियों की शुरुआती पहचान, टेलीमेडिसिन और एक्स-रे विश्लेषण का काम तेजी से हो रहा है। इसके अलावा हमारी बैंकिंग व्यवस्था, ई-कॉमर्स, ऑनलाइन शिक्षा और यहां तक कि सरकारी कामकाज में भी एआई का बढ़ता प्रयोग नागरिकों के जीवन को सरल और पारदर्शी बना रहा है। देश का स्टार्टअप इकोसिस्टम आज एआई के नए प्रयोगों से भरा हुआ है। यह इस बात का स्पष्ट संकेत है कि भारत एआई को सिर्फ एक उपभोक्ता के रूप में नहीं अपना रहा है, बल्कि अपनी स्थानीय और जमीनी समस्याओं को सुलझाने के लिए इसके स्वदेशी मॉडल भी विकसित कर रहा है। लेकिन इस अभूतपूर्व तकनीकी विकास के साथ एक बड़ी और गंभीर बहस भी छिड़ गई है। अर्थशास्त्र की भाषा में भारत की इस विशाल युवा आबादी को जन सांख्यिकीय लाभांश कहा जाता है। इसका सीधा अर्थ यह है कि हमारे पास काम करने वाले ऊर्जावान युवाओं की एक ऐसी फौज है, जो देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाइयों पर ले जा सकती है। मगर एआई से वास्तव में कई पारंपरिक नौकरियां सीधे तौर पर खतरे में आ गई हैं। डाटा एंट्री, सामान्य कोडिंग, ग्राहक सेवा, बुनियादी अनुवाद और लेखा-जोखा जैसे काम अब एआई बहुत तेजी से, बिना थके और अचूक सटीकता के साथ कर रहा है। भारत के लाखों युवा इन्हीं सेवा क्षेत्रों में अपना करियर बनाते हैं। आजकल नौकरियां तेजी से खत्म हो रही हैं और अगर हमने समय रहते अपने इस विशाल कार्यबल को नई तकनीक के अनुकूल नहीं ढाला तो हमारा यह जन सांख्यिकीय लाभांश बेरोजगारी के एक नए और विकराल संकट में बदल जाएगा। रोजगार के इस संभावित संकट से परे एआई का एक और बहुत

गहरा, अदृश्य और चिंताजनक प्रभाव मनुष्य की वास्तविक बुद्धिमत्ता और उसकी सोचने-समझने की प्राकृतिक क्षमता पर पड़ रहा है। आज जब हमारे हर छोटे-बड़े सवाल का जवाब, हर लंबे लेख का सारांश और हर जटिल समस्या का समाधान एक मशीन कुछ ही सेकंड में हमारे सामने परोस देती है तो इंसान के अपने मस्तिष्क का व्यायाम बहुत कम होने लगता है। मनोवैज्ञानिक और वैज्ञानिक जगत इस बात को लेकर बेहद चिंतित है कि मशीनों पर यह अत्यधिक और अंधी निर्भरता कहीं मनुष्य की स्मृति, ध्यान केंद्रित करने की क्षमता और गहन चिंतन की स्वाभाविक प्रवृत्ति को कुंद न कर दे। वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता केवल डाटा या जानकारी का संग्रह नहीं है। यह जीवन के अनुभव, मानवीय संवेदना, नैतिकता, संघर्ष और उस सहज बोध से बनती है जो ब्रह्मांड में केवल एक इंसान के पास ही हो सकता है। अगर हमने अपनी तर्कशक्ति, कल्पना और विश्लेषणात्मक क्षमता का प्रयोग बंद कर दिया तो हम तकनीकी रूप से एक बेहद उन्नत लेकिन बौद्धिक और भावनात्मक रूप से एक बेहद गरीब समाज बन जाएंगे। ऐसे में इन बहुआयामी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी शिक्षा प्रणाली में बड़े स्तर पर और तत्काल बदलाव करना आवश्यक है। क्योंकि आज के इस युग में जानकारी के मामले में कोई भी इंसान किसी सुपर कंप्यूटर का मुकाबला नहीं कर सकता। ऐसे में हमें अपने बच्चों को वह सिखाना होगा जो मशीनें कभी नहीं कर सकतीं। हमें अपनी स्कूली शिक्षा से लेकर उच्च शिक्षा तक रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच, जटिल समस्या समाधान और भावनात्मक बुद्धिमत्ता पर सबसे ज्यादा जोर देना होगा। इसके साथ ही, जो करोड़ों युवा पहले से ही नौकरी बाजार में हैं, उनके लिए कौशल के पुनर्विकास की अत्यंत आवश्यकता है। सरकार और निजी कॉर्पोरेट क्षेत्र को मिलकर ऐसे निरंतर प्रशिक्षण कार्यक्रम चलाने होंगे जहां कामगारों को नई तकनीक सिखाई जा सके। तकनीक और डिजिटल क्रांति का एक और बड़ा प्रभाव हमारे समाज में गिग इकॉनमी के रूप में आया है। आज लाखों युवा किसी स्थायी नौकरी के बजाय फ्रीलांसर, फूड डिलीवरी पार्टनर या ऐप-आधारित टैक्सी चालक के रूप में काम कर रहे हैं। एआई और डेटा एल्गोरिदम से चलने वाले इन प्लेटफॉर्म्स ने तुरंत रोजगार के अवसर तो जरूर पैदा किए हैं, लेकिन इन्होंने रोजगार की सुरक्षा की अवधारणा को खत्म कर दिया है। इन युवाओं के पास न तो भविष्य निधि है, न स्वास्थ्य बीमा और न ही काम के निश्चित घंटे। एक कंप्यूटर एल्गोरिदम उनके काम और कमाई को नियंत्रित करता है। एक कल्याणकारी लोकतांत्रिक राज्य के रूप में भारत सरकार के लिए यह परम आवश्यक है कि वह इन लाखों गिग श्रमिकों के लिए ठोस सामाजिक सुरक्षा कानून बनाए। अंततः हमें इस बात को गहराई से समझना होगा कि कृत्रिम बुद्धिमत्ता हमारा कोई दुश्मन नहीं है, बल्कि मानव द्वारा निर्मित शक्तिशाली टूल है। स्वतंत्रता दिवस के इस राष्ट्रीय पर्व पर हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि जिस तरह हमारे पूर्वजों ने विदेशी दासता से मुक्ति पाई थी, उसी तरह हम भी अज्ञानता, तकनीकी पिछड़ेपन और मशीनी निर्भरता की बेड़ियों को तोड़ेंगे। यह तय मानिए कि एआई इंसानों की जगह नहीं लेगा, बल्कि वह कुशल इंसान आपकी जगह जरूर ले लेगा जो एआई का सही इस्तेमाल करना जानता है। दुनिया भर में एआई के विकास और नियंत्रण के लिए भारी मात्रा में कुशल मानव संसाधन की जरूरत है। अगर हम अपनी युवा शक्ति को सही दिशा, आधुनिक शिक्षा और प्रासंगिक कौशल प्रदान कर सकें तो भारत पूरी दुनिया के लिए सबसे बड़ा एआई टैलेंट हब बन सकता है। यह नई तकनीक से डरने का नहीं, बल्कि अपनी वास्तविक मानवीय बुद्धिमत्ता को बचाए रखते हुए तकनीक के स्वामी बनने का समय है।

(लेखक शिक्षक एवं स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

सारा संसार

पुडुचेरी का मनकुला विनयगर मंदिर गणेश जी का 300 साल से भी ज्यादा पुराना मंदिर है, जो बंगाल की खाड़ी के पास स्थित है। मनकुला नाम का मतलब रेत का तालाब है। यह मंदिर अपनी स्वर्ण रथ यात्रा और हाथियों के आशीर्वाद के लिए काफी प्रसिद्ध माना जाता है। इस मंदिर में विराजमान गणपति जी को वरसिद्धि विनायक के नाम से जाना जाता है।

अहंकार को त्यागने और अनुशासन से मिलती है सफलता



संकलित
दर्शन

आज के समय में ज्योतिषी या अध्यात्मिक गुरु के पास आने वाले अधिकांश लोग किसी चमत्कार या शॉर्टकट की तलाश में होते हैं। वे चाहते हैं कि कोई रत्न पहन लेने से या कोई छोटा सा उपाय कर लेने से उनके जीवन के सारे कष्ट बिना किसी परिश्रम अथवा बिना किसी आत्म-परिवर्तन के दूर हो जाएं। अगर सूर्य से व्यक्ति को लाभ न मिल रहा हो तो ज्योतिष के साधारण नियम अनुसार, उसे बलवान करने के लिए माणिक्य रत्न पहनाया जाता है। यदि किसी की जन्मकुंडली में सूर्य कमजोर है और ज्योतिषी ने उसे मान-सम्मान वृद्धि के लिए अपने भीतर के अहंकार को त्यागने और अनुशासन लाने को कहा, तो शायद यह बात सामने वाले जातक को उतनी अच्छी न लगकर केवल उपदेशात्मक लगे। अनुभव में आया है कि जातक ने सूर्य का रत्न तो पहन लिया, लेकिन यदि जातक अपने अहंकार को छोड़ने के लिए तैयार नहीं है, तो केवल सूर्य का रत्न पहन कर भी उसे पूर्ण सफलता नहीं मिलती, ऐसे में वह सारा दोष रत्न, ज्योतिषी या गुरु को देगा, अपने व्यवहार को नहीं। एक सच्चा गुरु या ज्योतिषाचार्य इस मानवीय स्वभाव को भली-भांति जानता-समझता है। कबीरदास जी ने गुरु और शिष्य के इस संबंध को बहुत ही अच्छे ढंग से कहा है- गुरु कुम्हार शिष कुंभ है, गढ़ि गढ़ि काढ़ै खोट। अन्तर हाथ सहार दै, बाहर बाहै चोट।। शास्त्रों में एक उदाहरण आता है, यदि वर्षा की बूंदें स्वाति नक्षत्र की भी हों, तब भी वे सीप में गिरकर ही मोती बनती हैं।

सच्चे प्रेम में आजादी, मोह में अधिकार की भावना

संकलित
प्रेरणा

किसी के साथ रहना अच्छा लगना प्रेम हो सकता है, लेकिन उसके बिना बेचैन हो जाना हमेशा प्रेम नहीं होता। कई बार रिश्तों में अपनापन और अधिकार की भावना इतनी घुल जाती है कि हमें पता ही नहीं चलता कि हम प्यार कर रहे हैं या सामने वाले से मोह करने लगे हैं। प्रेम में मन को विस्तार मिलता है, जबकि मोह धीरे-धीरे मन को बांधने लगता है। श्रीमद्भगवद्गीता की शिक्षाओं में भी आसक्ति, अपेक्षा और मन की स्थिरता को लेकर गहरी बातें कही गई हैं। सच्चा प्रेम किसी व्यक्ति को अपनी इच्छाओं के अनुसार बदलने की कोशिश नहीं करता। इसमें सामने वाले की पसंद, भावनाओं और स्वतंत्रता का सम्मान होता है। इसके विपरीत मोह में यह भावना मजबूत होने लगती है कि दूसरा व्यक्ति हमेशा हमारे मुताबिक व्यवहार करे। गीता में भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं- 'कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन।' अर्थात मनुष्य का अधिकार कर्म करने पर है, उसके परिणाम पर नहीं। रिश्तों में भी इस सीख को समझा जा सकता है। प्रेम करें, अपना व्यवहार सच्चा रखें, लेकिन सामने वाला उसी तरह प्रतिक्रिया दे, इसकी जिद न करें। अगर किसी रिश्ते में सच्चा प्रेम है तो दूरी या व्यस्तता के बावजूद विश्वास बना रहता है। लेकिन, मोह बढ़ने पर व्यक्ति बार-बार यह सोच सकता है कि कहीं दूसरा उसे छोड़ न दे। फोन का जवाब देर से मिलना, कम बातचीत होना या अकेले समय बिताना भी बेचैनी पैदा करने लगता है।

स्वतंत्रता दिवस विशेष

डॉ. नरेश मिश्र

हिंदी: स्वतंत्रता की आवाज से राष्ट्र की अभिव्यक्ति तक

पंद्रह अगस्त केवल उस दिन की स्मृति नहीं है, जब भारत ने अंग्रेजी शासन की बेड़ियां तोड़ी थीं। यह उस आत्मसम्मान की याद भी है, जिसने एक गुलाम देश को स्वतंत्र राष्ट्र बनने का साहस दिया। लेकिन स्वतंत्रता के आठ दशकों बाद भी एक प्रश्न हमारे सामने खड़ा है-जिस हिंदी ने स्वतंत्रता आंदोलन में भारत की आवाज बनकर देश को जोड़ा, वह आज भी 'राष्ट्रभाषा' क्यों नहीं कहलाती? हिंदी केवल एक भाषा नहीं, करोड़ों भारतीयों की संवेदना, संवाद और अभिव्यक्ति है। स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान हिंदी ने भाषाई विविधताओं के बीच राष्ट्रीय चेतना का सेतु बनाया।

'भारत माता की जय', 'वंदे मातरम्' और 'जय हिंद' जैसे उद्घोषों में देश की धड़कन सुनाई देती थी। महात्मा गांधी का स्पष्ट मत था—"राष्ट्रभाषा के बिना राष्ट्र गूंगा है।" आज हिंदी का संसार और भी व्यापक हो चुका है। साहित्य से सिनेमा तक, समाचार से सोशल मीडिया तक और बाजार से वैश्विक मंचों तक हिंदी अपनी प्रभावशाली उपस्थिति दर्ज करा रही है। दुनिया भारत को जिस तेजी से जान रही है, उसी तेजी से हिंदी भी भारत की पहचान बनकर उभर रही है। फिर भी विडंबना देखिए—हम हर वर्ष हिंदी दिवस, हिंदी सप्ताह और हिंदी पखवाड़ा मनाते हैं, हिंदी के गौरव का बखान करते हैं, लेकिन हिंदी के राष्ट्रीय स्वरूप पर गंभीरता से विचार करने से बचते हैं। यह प्रश्न किसी अन्य भारतीय भाषा के विरोध का नहीं है।

भारत की शक्ति उसकी भाषाई विविधता में है। प्रश्न केवल इतना है कि इस विविधता के बीच वह भाषा, जिसने सदियों से जनमानस को जोड़ा और स्वतंत्रता संग्राम में राष्ट्रीय चेतना को स्वर दिया, उसे उसके उचित सम्मान की दृष्टि से कब देखा जाएगा? तिरंगा हमारी आंखों में भारत का स्वाभिमान जगाता है, राष्ट्रगान हमारे हृदय में राष्ट्रभाव भरता है और हिंदी करोड़ों कंठों को अभिव्यक्ति देती है। इस स्वतंत्रता दिवस पर आइए, हिंदी को किसी भाषा के विरुद्ध नहीं, बल्कि भारतीय एकता, संस्कृति और राष्ट्रीय संवाद की सशक्त कड़ी के रूप में देखें। क्योंकि सवाल केवल यह नहीं कि हिंदी राष्ट्रभाषा क्यों नहीं है; सवाल यह भी है कि जिस भाषा में करोड़ों भारतीय अपने मन की बात कहते हैं, क्या हमने कभी उस आवाज को पूरे मन से सुना है? यही प्रश्न इस स्वतंत्रता दिवस पर हमारे मन में रहना चाहिए।

(लेखक स्वतंत्र स्तंभकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

अंतर्मन

आज की पाती

आयकर के प्रति गंभीरता जरूरी

वर्ष 1860 को सर जेम्स विल्सन ने कर व्यवस्था को शुरू किया था। आयकर दिवस मनाने का मुख्य कारण करदाताओं का देश के विकास में जो महत्वपूर्ण योगदान है, उसके लिए इन्हें सम्मान देना और लोगों को आयकर के प्रति जागरूक करना भी है। जितने भी करदाता हैं, चाहे वो बिजनेसमैन हों, छोटे-बड़े उद्योगपति हों, दुकानदार या अन्य कोई भी, इन सभी का देश के विकास में बहुत बड़ा योगदान है। सरकारें आमजन को जितनी भी मुफ्त की सुविधाएं देती हैं वो भी इन्हीं करदाताओं की बदौलत हैं। देश की आर्थिक व्यवस्था को सुधारने में टैक्स प्रणाली का बहुत बड़ा योगदान होता है। कर देने वालों का सम्मान जरूरी है, ताकि देश में विकास कार्य न रुकें।

– मोहन परुथी, अंबाला

करंट अफेयर

उत्तर कोरिया ने की अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास की निंदा

सियोल। उत्तर कोरिया ने अमेरिका एवं दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को युद्ध का पूर्वाभ्यास बताते हुए शुक्रवार को इसकी निंदा की और आत्मरक्षा के अपने अधिकार का इस्तेमाल करने की धमकी दी। अमेरिका और दक्षिण कोरिया की सेनाएं सोमवार से अपना वार्षिक व्यापक सैन्य अभ्यास शुरू करेंगी। दोनों देशों ने कहा है कि इस साल अभ्यास का दायरा पिछले वर्षों के समान होगा। दोनों सहयोगी देशों ने कहा है कि 'उल्ची फ्रीडम शील्ड' अभ्यास का उद्देश्य उत्तर कोरिया के खतरों से निपटने की उनकी तैयारियों को मजबूत करना है। उन्होंने दोहराया कि यह अभ्यास रक्षात्मक प्रकृति का है। उत्तर कोरिया की चेतावनी से संकेत मिलता है कि वह आगामी दिनों में हथियारों के और परीक्षण कर सकता है।



उसके पड़ोसी देशों ने पिछले सप्ताह उत्तर कोरिया के पूर्वी तट से दो बैलिस्टिक मिसाइलों के प्रक्षेपण की जानकारी दी थी। उत्तर कोरिया ने इन प्रक्षेपणों पर कोई टिप्पणी नहीं की है, लेकिन विशेषज्ञों का आकलन है कि इनका संभावित उद्देश्य अमेरिका-दक्षिण कोरिया सैन्य अभ्यास का विरोध करना या हथियार प्रणालियों को उन्नत करना था। उत्तर कोरिया के विदेश मंत्रालय ने शुक्रवार को सरकारी मीडिया में जारी एक बयान में अमेरिका-दक्षिण कोरिया के सैन्य अभ्यास को 'आक्रामक युद्ध का ऐसा पूर्वाभ्यास'' बताया जिससे 'क्षेत्र में अलग स्तर की अस्थिरता पैदा हो रही है।'

ऑफ बीट

दूसरे के गलत होने का अहसास भी करता है परेशान

वॉशिंगटन। टीके, जलवायु परिवर्तन या चुनाव जैसे मुद्दों पर मतभेद अक्सर इतने व्यक्तिगत क्यों महसूस होते हैं? एंड्रास मोलनार (मिशिगन विश्वविद्यालय) और जॉर्ज लोवेनस्टीन (कार्नेगी मेलन विश्वविद्यालय) का कहना है कि हमारे शोध से पता चलता है कि ऐसा केवल इसलिए नहीं होता कि दूसरे लोगों की मान्यताएं हमसे अलग होती हैं, बल्कि इसलिए होता है, क्योंकि हमें लगता है कि उनकी मान्यताएं गलत हैं। हम व्यवहार विज्ञान के शोधकर्ता हैं और राजनीति तथा रोजमर्रा की जिंदगी में मान्यताओं की भूमिका का अध्ययन करते हैं। हमारे नए शोध में पाया गया है कि लोग दूसरों की मान्यताओं से तब ज्यादा परेशान होते हैं, जब उन्हें लगता है कि वे मान्यताएं केवल उनसे अलग नहीं हैं, बल्कि गलत सूचनाओं पर आधारित हैं। उदाहरण के लिए, दो लोग आव्रजन के आदर्श स्तर को लेकर असहमत हो सकते हैं। लेकिन, अगर उनमें से एक का मानना है कि प्रवासी, अमेरिका में जन्मे लोगों की तुलना में अधिक अपराध करते हैं और दूसरा व्यक्ति आंकड़ों के आधार पर इसके विपरीत मानता है, तो उनकी असहमति वास्तविकता और सच्चाई को लेकर विवाद में बदल जाती है। यह अंतर महत्वपूर्ण है, क्योंकि ध्रुवीकरण पर होने वाली सार्वजनिक बहस अक्सर एक सामान्य विचार से शुरू होती है, लोग उन लोगों को पसंद करते हैं जो उनके जैसा सोचते हैं।

ट्रेंड

ज़ीरो टॉलरेंस

नशीले पदार्थों के ख़िलाफ़ 'ज़ीरो टॉलरेंस' की नीति में एक नया मील का पत्थर स्थापित करते हुए एनसीबी ने ड्रग तस्करी के सरगना व भगोड़े वीरेंद्र सिंह बसोया को यूएई से वापस लाने में सफलता हासिल की है।
- **अमित शाह,** केंद्रीय गृहमंत्री

राष्ट्रीय ध्वज

राष्ट्रीय ध्वज 'तिरंगा' सभी को जोड़ता है... आम नागरिकों से लेकर साधु-संतों और त्यागियों तक, यह सबको अपनी ओर आकर्षित करता है और उन लोगों के दिलों-दिमाग में राष्ट्रवाद और गर्व की भावना जगाता है जो हिंदुस्तान को अपने भीतर बसाए हुए हैं।
- **स्मृति ज़ेड ईरानी,** पूर्व कैबिनेट मंत्री

माइंस एंड मिनरल्स बिल

संसद ने बिना किसी बहस के 'माइंस एंड मिनरल्स बिल' पास कर दिया, लेकिन इसके संघीय ढांचे पर बुरे असर पड़ सकते हैं। यह बिल सुप्रीम कोर्ट के एक फ़ैसले को पलटता है, तटीय राज्यों को उनके जायज़ राजस्व से वंचित करता है और निश्चित रूप से इसे कोर्ट में चुनौती दी जाएगी।
- **शशि थरूर,** सांसद, कांग्रेस

मिलावट की समस्या

आज देश में मिलावट की समस्या प्रमुखता से सामने आ रही है। मिलावटी और दूषित खाद्य पदार्थ जन-स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा पैदा करते हैं। इस चुनौती से निपटने के लिए दृढ़ संकल्प की आवश्यकता है।
- **कमलनाथ,** पूर्व सीएम, मध्यप्रदेश

हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड,
रोहतक-124001 फोन: 9253681019-20
ई-मेल : **haribhoomi@gmail.com**
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

राहुल के पैलेट गन चलने के दावे पर रिजिजू का पलटवार

जंतर-मंतर पर गोली नहीं चली किसने चलाई का सवाल नहीं

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शुक्रवार को कहा कि जंतर-मंतर पर पुलिस ने प्रदर्शन को रोकने के लिए ज्यादा बल का प्रयोग नहीं किया। एक समाचार एजेंसी को दिए एक साक्षात्कार में रिजिजू ने कहा कि, जब हजारों की भीड़ संसद की तरफ बढ़ेगी तो सुरक्षाबल रोकने का प्रयास तो करेंगे। रिजिजू ने आगे कहा कि, विपक्ष प्रदर्शन के दौरान गोली चलने का झूठा दावा कर रहा है। जब जंतर-मंतर पर गोली चली ही नहीं तो किसने चलाई का सवाल नहीं उठता। विपक्ष ने आरोप लगाया था कि 20 जुलाई के संसद मार्च के दौरान पुलिस ने पैलेट गन समेत अत्यधिक बल का इस्तेमाल किया। रिजिजू ने कहा कि अगर हजारों लोगों के प्रदर्शन में पैलेट गन चलाई गई होती तो बड़ी संख्या में लोग घायल होते। सिर्फ एक-दो लोगों को चोट नहीं लगती।

हजारों की भीड़ में पैलेट्स गन से दो लोग ही घायल हुए

यह लगाए थे आरोप

दरअसल राहुल गांधी ने दावा किया था पैलेट्स गन से दो छात्र घायल हुए थे। एक प्रदर्शनकारी के शरीर पर करीब 20 पैलेट के घाव मिले थे। मेडिकल रिकॉर्ड में उसकी पीठ और कोहनी पर चोटों का जिक्र था। एक अन्य प्रदर्शनकारी की आंख में गंभीर चोट की भी रिपोर्ट सामने आई थी।

खरगे के 'शुद्धिकरण' बयान पर राहुल बोले

भाजपा-आरएसएस मनुवादी सोच को बढ़ावा दे रही

नई दिल्ली। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने भाजपा-आरएसएस पर मनुवादी सोच को बढ़ावा देने का आरोप लगाया। उन्होंने यह बात कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की हल्द्वानी रैली के बाद मंच के शुद्धिकरण को लेकर कही। राहुल ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि यह ऐसी मानसिकता है, जो आज भी इंसान की हैसियत उसके जन्म से तय करती है, न कि समानता और इंसानियत से। कांग्रेस ने भी इस मुद्दे को लेकर देशभर के जिला मुख्यालयों पर मार्च निकाला।

देश के लिए दुखद घटनाः नड्डाः केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा ने कहा कि खड़गे जी के साथ जो हुआ या जो भावनाएं आहत हुईं, वह सिर्फ कांग्रेस के लिए नहीं बल्कि हम सभी और पूरे देश के लिए दुखद है।

यह है मामला

मल्लिकार्जुन खरगे ने बीते 8 अगस्त को हल्द्वानी के रामलीला मैदान में रैली को संबोधित किया। रैली के बाद मैदान में जो हुआ उस पर दलित विरोधी राजनीति की चिंगारियां उठी हैं। रैली के बाद श्रीराम सेना धर्मार्थ सेवा न्यास नाम के हिंदूवादी संगठन ने मैदान में शुद्धि हवन किया।

आजादी के महानायक नेताजी : जबलपुर की धरती से जुड़ी अमिट गाथा

दो बार जबलपुर जेल में रहे कैद, बीमारी की हालत में भी पहुंचे थे त्रिपुरी अधिवेशन

आज भी कैदी प्रतिदिन फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हैं

अनुरोध पटेरिया ⏭ जबलपुर

स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर जब देश आज़ादी के अमर सेनानियों को नमन कर रहा है, तब संस्कारधानी जबलपुर को यह गौरव प्राप्त है कि आज़ाद हिंद फौज के महानायक नेताजी सुभाषचंद्र बोस का इस शहर से गहरा ऐतिहासिक संबंध रहा है। अंग्रेज सरकार ने उन्हें स्वतंत्रता आंदोलन के दौरान दो बार जबलपुर सेंट्रल जेल में कैद रखा, और यहीं से उनके संघर्ष की अनेक महत्वपूर्ण स्मृतियां जुड़ी हैं।

वर्ष 1818 में निर्मित जबलपुर सेंट्रल जेल अंग्रेजों की प्रमुख कारागारों में गिनी जाती थी। नेताजी को पहली बार गिरफ्तार कर 22 दिसंबर 1931 से 16 जुलाई 1932 तक इसी जेल में रखा गया। वे यहां अध्ययन और चिंतन में समय बिताते थे। दूसरी बार उन्हें 18 फरवरी 1933 को पुनः इसी जेल में लाया गया। उस समय उनका स्वास्थ्य अत्यंत खराब था। चिकित्सकीय जांच में आंतों की गंभीर बीमारी की आशंका व्यक्त की गई, जिसके बाद उन्हें 22 मार्च 1933 को बंबई और फिर उपचार हेतु यूरोप भेज दिया गया।

आज भी जेल परिसर में बैरक सुरक्षित जहां नेता जी रहे

जबलपुर। फोटो : जितेंद्र वैष्णव

आज भी जेल परिसर में वह बैरक सुरक्षित है जहां नेताजी रहे थे। इसे संग्रहालय का रूप दिया गया है और वहां उनका जेल रजिस्टर, गिरफ्तारी वारंट तथा ब्रिटिशकालीन वस्तुएं संरक्षित हैं। जिस पत्थर की पट्टी पर नेताजी विश्राम करते थे, उस पर आज भी कैदी प्रतिदिन फूल अर्पित कर श्रद्धांजलि देते हैं।बीमारी से जूझते हुए भी पहुंचे त्रिपुरी अधिवेशननेताजी का जबलपुर से संबंध केवल जेल तक सीमित नहीं रहा। 1939 का ऐतिहासिक कांग्रेस त्रिपुरी अधिवेशन जबलपुर की पहचान बन गया। इसी अधिवेशन में नेताजी दूसरी बार कांग्रेस अध्यक्ष चुने गए। उस समय वे गंभीर रूप से अस्वस्थ थे और चिकित्सकों ने यात्रा से मना किया था, किंतु राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए वे ट्रेन से जबलपुर पहुंचे। उनके स्वागत के लिए शहर को दुल्हन की तरह सजाया गया था। हाथियों और रथों की विशेष व्यवस्था की गई थी, परंतु स्वास्थ्य अत्यधिक खराब होने के कारण उन्हें स्टेशन से अधिवेशन स्थल तक एंबुलेंस से ले जाना पड़ा। हजारों कार्यकर्ता और लाखों नागरिक केवल उनके दर्शन के लिए उमड़ पड़े थे। बीमारी की अवस्था में भी अधिवेशन में उनकी उपस्थिति ने युवाओं में अद्भुत ऊर्जा भर दी और जबलपुर नेताजी के प्रति गहरी श्रद्धा से भर उठा। त्रिपुरी अधिवेशन ने भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन की दिशा बदल दी। महात्मा गांधी की इच्छा के विपरीत नेताजी की विजय ने कांग्रेस राजनीति में नया अध्याय लिखा। बाद के वर्षों में उन्होंने अंग्रेजों के विरुद्ध निर्णायक संघर्ष का मार्ग चुना और आज़ाद हिंद फौज के माध्यम से स्वतंत्रता आंदोलन को नई गति दी।

जबलपुर आज भी करता है नेताजी को नमन

नेताजी की स्मृति में जबलपुर की सेंट्रल जेल का नाम नेताजी सुभाषचंद्र बोस सेंट्रल जेल रखा गया। शहर का प्रमुख चिकित्सा संस्थान नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भी उनके नाम से अलंकृत है। सड़कें, चौराहे और अनेक संस्थान आज भी उनके राष्ट्रवादी व्यक्तित्व की याद दिलाते हैं।स्वतंत्रता दिवस पर जब तिरंगा शान से लहराएगा, तब जबलपुर की यह ऐतिहासिक धरोहर हमें याद दिलाएगी कि आजादी केवल एक राजनीतिक उपलब्धि नहीं, बल्कि उन महान सेनानियों के त्याग, संघर्ष और अटूट राष्ट्रभक्ति का परिणाम है जिन्होंने बीमारी, कारावास और हर कठिनाई के बावजूद भारत माता की स्वतंत्रता को अपना जीवन लक्ष्य बनाया। नेताजी सुभाषचंद्र बोस की जबलपुर यात्रा उसी अमर गाथा का उज्ज्वल अध्याय है।

लाल किले और हाईकोर्ट में बम धमाके की धमकी

सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट पर, निकली अफवाह

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस से ठीक पहले हाई कोर्ट समेत राजधानी की छह जगहों को बम से उड़ाने की धमकी मिली है। धमकी मिलने के बाद सुरक्षा एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं और सुरक्षा जांच तेज कर दी गई है। दिल्ली हाई कोर्ट को ई-मेल के जरिए धमकी मिली, जिसके बाद वहां मानक सुरक्षा प्रक्रिया लागू कर दी गई। बम निरोधक दस्तों ने हाई कोर्ट परिसर में तलाशी अभियान शुरू कर दिया है।ई-मेल में दिल्ली को खालिस्तान बनाने की बात लिखी गई है और दिल्ली हाई कोर्ट के साथ-साथ जिला अदालतों, लाल किले और ट्रेन को भी निशाना बनाने की धमकी दी गई है।



क्या क्या लिखा है मेल में

ई-मेल में उपर विषय में "**BOMB Blast Delhi High Court @ 2:11PM**" लिखा है। ई-मेल में यह दावा किया गया है कि 15 अगस्त को धमाका होगा। साथ ही लिखा गया है कि दिल्ली हाई कोर्ट ने सिखों से जुड़े मामलों में न्याय नहीं किया है। ई-मेल में दिल्ली हाई कोर्ट का नाम लिखकर कहा गया है कि अदालत में सिखों के खिलाफ चल रहे मामलों और 1984 के सिख विरोधी दंगों से जुड़े मामलों में न्याय नहीं मिला। ई-मेल में इसी को हमले की वजह बताने की कोशिश की गई है।

वाराणसी में अनोखी चोरी का मामला

शोरूम में नहाया, कॉफी पी और डांस किया, फिर लाखों की बाइक ले उड़े

वाराणसी। चोरी की घटनाओं में आमतौर पर चोर कुछ ही मिनटों में वारदात को अंजाम देकर मौके से फरार हो जाते हैं। लेकिन वाराणसी में चोरी का एक ऐसा मामला सामने आया है, जिसने पुलिस के साथ-साथ लोगों को भी हैरान कर दिया है। यहां एक संदिग्ध चोर ऑटोमोबाइल शोरूम में दाखिल हुआ और चोरी करने से पहले करीब साढ़े चार घंटे तक वहां आराम से समय बिताता रहा। इस दौरान उसने न सिर्फ कॉफी बनाई और पी, बल्कि शोरूम में नहाया, कपड़े सुखाए और बॉलीवुड के चर्चित गाने 'लुंगी डांस' पर डांस भी किया। इसके बाद वह शोरूम मैनेजर की करीब 4.71 लाख की केटीएम बाइक लेकर फरार हो गया।

सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर वायरल

मामला वाराणसी के मंडुआडीह थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। उपलब्ध जानकारी के मुताबिक, संदिग्ध शख्स शोरूम में पहुंचने के बाद काफी देर तक वहीं मौजूद रहा। सीसीटीवी फुटेज में उसकी कई गतिविधियां कैद हुई हैं। बताया जा रहा है कि उसने शोरूम के भीतर ही कॉफी तैयार की और आराम से पी।

अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में दावा

10 में 9 पाकिस्तानी लोग भारत को मानते हैं खतरा

- भारतीयों के लिए रूस सबसे अहम पार्टनर, पाकिस्तानियों की पहली पसंद चीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

10 में से 9 पाकिस्तानी भारत को खतरा मानते हैं, ये बात अमेरिकी प्यू रिसर्च सेंटर के सर्वे में सामने आई है। इंडियंस भी अपना सबसे बड़ा दुश्मन पाकिस्तान को ही मानते हैं। सर्वे में कहा गया कि दोनों देशों के लोग पड़ोसी के साथ अच्छे रिश्ते चाहते हैं, लेकिन भरोसे की कमी है। भारत अपना सबसे अहम पार्टनर रूस को मानता है। वहीं, पाकिस्तान ने चीन को अपना सबसे बड़ा सहयोगी देश माना है। प्यू सर्वे के मुताबिक, भारत में पाकिस्तान को लेकर अलग-अलग समुदायों में राय एक जैसी नहीं है। 21 फीसदी भारतीय मुस्लिमों ने पाकिस्तान के बारे में पॉजिटिव राय जताई। हिंदुओं में यह आंकड़ा 6 फीसदी रहा।

पहलगाम हमले के बाद रिश्ते ज्यादा बिगड़े

पहलगाम हमले के बाद रिश्ते ज्यादा बिगड़े। 34% भारतीय मुस्लिमों ने पाकिस्तान को भारत का सबसे बड़ा राजनीतिक खतरा बताया, जबकि हिंदुओं में यह आंकड़ा 57% था। पाकिस्तानियों की भारत को लेकर निगेटिव सोच पाकिस्तान के अलग-अलग सामाजिक समूहों में एक जैसी ज्यादा दिखाई दी है।



केंद्रीय गृहमंत्रालय ने जारी की अधिसूचना

पैरामिलिट्री फोर्स में सर्वाधिक सीआरपीएफ को 86 पदक

हरिभूमि न्यूज ▶▶। नई दिल्ली

स्वतंत्रता दिवस के एक दिन पूर्व शुक्रवार को केंद्रीय गृह मंत्रालय ने वीरता और सेवा पदक का ऐलान करते हुए अधिसूचना जारी कर दी है। केंद्रीय अर्धसैनिक बलों (पैरामिलिट्री फोर्स) में सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स को सबसे ज्यादा (86) पदक मिले हैं। अधिसूचना के मुताबिक देश के सबसे बड़े अर्धसैनिक बल को 24 वीरता पदक, विशिष्ट सेवा के लिए 5 राष्ट्रपति पदक और सराहनीय सेवा के लिए 57 पद मिले हैं। यह वीरता पदक जम्मू कश्मीर में आतंकवाद रोधी दो ऑपरेशन और मणिपुर में विद्रोहियों के खिलाफ एक ऑपरेशन से हासिल किए गए। यह दोनों 2024 में हुए थे।कुछ वीरता पदक भी मिलने की उम्मीद है।

दिनकरन ने अर्धसैनिक बल में लंबी सेवा दी

एस. दिनकरन पहले एसपीजी में रह चुके हैं। वर्तमान में वह चेन्नई के अवादी में सीआरपीएफ रिक्रूट ट्रेनिंग सेंटर चीफ हैं। धिनकरन ने पिछले तीन दशकों से अधिक समय तक अर्धसैनिक बल में सेवा की है। इसमें उन्होंने नक्सल विरोध ऑपरेशन के दौरान यूनिट्स की कमान संभाली है। सीआरपीएफ के इंटेलिजेंस और वीआईपी सुरक्षा विंग को लीड किया है। डीआईजी को उनकी लंबी और विशिष्ट सेवा, ईमानदारी के लिए दिया है। समर्पण और बेहतरीन पेशेवर प्रदर्शन के लिए पीएसएम से सम्मानित किया गया।

सीएपीएफ को मिले 20 पदक

लगभग 3 लाख 25 हजार कर्मियों वाली सीआरपीएफ देश की मुख्य आंतरिक सुरक्षा बल है। बीएसफ यानी बॉर्डर सिक्योरिटी फोर्स को 1, केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बल (सीएपीएफ) को 20 पदक से सम्मानित किया गया है।

11 अधिकारी भी होंगे सम्मानित

केरल पुलिस, अग्निशमन और बचाव सेवा, तथा कारागार एवं सुधार सेवाओं के 11 अधिकारियों को विभिन्न पुलिस और अग्निशमन सेवा पदकों के लिए चुना गया है। सहायक स्टेशन अधिकारी राजेंद्रन नायर और सेबेस्टियन जोसेफ एन. को भी सराहनीय सेवा पदक के लिए चुना गया है।

पोंजी स्कीम का जाल

2110 करोड़ जुटाने वाला ठग गिरफ्तार

पैसे निवेश करने के लिए उकसाया

एजेंसी ▶▶ मैंगलोर

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के मैंगलोर सब-जोनल ऑफिस ने मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत कई राज्यों में फैले करोड़ों रुपए के पोंजी-स्टाइल स्कीम मामले में शिवानंद सिद्दप्पा नीलान्नवर को गिरफ्तार किया है। पूछताछ में कई खुलासे हुए हैं। आरोपियों ने चार राज्यों में पोंजी स्कीम का जाल फैला रखा था। निवेशकों से झूठ बोलकर 2110.97 करोड़ जुटाए गए। चार राज्यों में डिजिटल मैपिंग सिस्टम पोंजी स्कीम को आगे बढ़ाया गया। शिवम एसोसिएट्स के फंड के लेन-देन को पूरी तरह से शिवानंद द्वारा मैनेज किया जाता था। मैंगलोर की स्पेशल कोर्ट ने शिवानंद सिद्दप्पा को 12 दिन के लिए ईडी की कस्टडी में भेज दिया है। पार्टनरशिप फर्म ने 3 प्रतिशत के मासिक रिटर्न का झूठा वादा करके निवेशकों से 2,110.97 करोड़ की भारी रकम गैर-कानूनी तरीके से जुटाई थी। कर्नाटक, महाराष्ट्र, गोवा और छत्तीसगढ़ में डिजिटल मैपिंग सिस्टम और बड़े रेफरल नेटवर्क का इस्तेमाल किया गया था। ईडी ने बेलागावी शहर के मालमरुथी पुलिस स्टेशन द्वारा दर्ज एफआईआर के आधार पर जांच शुरू की थी। एफआईआर में आरोप लगाया गया है कि लोगों को बहुत ज़्यादा और पक्के रिटर्न का वादा करके पैसे निवेश करने के लिए उकसाया गया था। जांच में पता चला है कि शिवम एसोसिएट्स एक बहुत ही व्यवस्थित, कई राज्यों में फैली पोंजी स्कीम चला रही थी, जो मुख्य रूप से इसके ज़्यादा हिस्सेदारी वाले पार्टनर शिवानंद सिद्दप्पा नीलान्नवर के कंट्रोल में थी।

COURT NOTICE
(U/o 5 Rule 20 CPC)
IN THE COURT OF
Ms. Arya Sharma
Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
MEENA
Vs.
SHYAM SUNDER
CNR No. HRRH01-001805-2022
Next Date : 08.09.2026

PUBLICATION ISSUED TO :-
Shyam Sunder S/o Umed Singh House No. 155, BTM Line Quarters, Bhiwani Mob 8950169383

In above titled case, the defendant(s)/ respondent(s) could not be served. It is ordered that defendant(s) / respondent(s) should appear in person or through counsel on **08.09.2026 at 10:00 a.m.**
For details logon to https://highcourtchd.gov.in/?trs=district_notice&district=Rohtak
Sd/- Additional Principal Judge, Family Court, Rohtak
Dated, this day of 05.08.2026

हरियाणा सरकार — निविदा सूचना

क्र. सं.	बोर्ड/निगम/प्राधि. का नाम	कार्य सूचना निविदा का नाम	खुलने की तिथि बंद होने की तिथि (समय)	राशि/ईएमडी (लगभग) रु.में	बोर्ड/निगम/प्राधि. की वेबसाइट	नोडल अधिकारी / सम्पर्क विवरण/ ई-मेल
1	नगर पालिका नांगल चौधरी	एम.सी. नांगल चौधरी क्षेत्र में पेयजल आपूर्ति के लिए मौजूदा वितरण प्रणाली तक जीआई पाइप लाइन जोड़ना और 2 अदद अतिरिक्त नलकूप का प्रावधान व स्थापना	बंद होने की तिथि 24.08.2026	96.77 लाख	https://etenders.hry.nic.in	9812892869 [illegible]

अधिक जानकारी हेतु कृपया पधारें : www.haryanaeprocurement.gov.in or www.etenders.hry.nic.in
संवाद-13/2027/40/48208/I/88/6 दि. 14.08.26

कार्यालय नगर परिषद डबवाली (सिरसा)

समस्त डबवाली शहरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

आईए स्वतंत्रता दिवस के शुभ अवसर पर हम सब मिलकर डबवाली शहर को बहुमुखी विकास के मार्ग पर अग्रसर करने का दृढ़ संकल्प लेते हैं।

- सरकार द्वारा 1 जुलाई 2022 से सिंगल यूज प्लास्टिक बैन कर दिया गया है।
- गीला व सूखा कूड़ा हमेशा घर से ही अलग-अलग करके दें।
- डस्टबिन का कूड़ा नगर परिषद की गाड़ी में ही डालें।
- दुकानदार व रेहड़ी चालक कूड़े के लिए डस्टबिन अवश्य रखें।
- सड़क/गली की सफाई होने के बाद कूड़ा खुले में न फेंके।
- शहर डबवाली को हरा-भरा करने के लिए एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत ज्यादा से ज्यादा पौधारोपण करें।
- हर घर तिरंगा अभियान के तहत अपने घरों में तिरंगा लगाएं।

उपरोक्त सभी बिंदुओं पर अमल करते हुए शहर को साफ-सुथरा रखने में नगर परिषद डबवाली का सहयोग करें।

सौजन्य से-नगर परिषद डबवाली

उत्तर रेलवे — Tender Notice

Sr. Divisional Materials Manager, Northern Railway, Ambala Cantt-133001 for and on behalf of the President of India, invites Tender through E-Procurement System (www.ireps.gov.in) for the supply of the below item:-

Sr. No.	E-Tender No.	Description	Qty.	Tender Closing date & Time	EMD (Rs.)
01	98265606	संलग्न विनिर्देशों के अनुसार नॉन- कॉन्टैक्ट लेजर स्कैनिंग, आधारित व्हील प्रोफाइल मापन प्रणाली की आपूर्ति, स्थापना और चालू करना। (निरीक्षण एजेंसी: टीपीआई, निरीक्षण चरण चरणों की संख्या:0) (यूवीएएम लिंकिंग: (वस्तु प्रकार: माल (आपूर्ति)	09 Nos	07.09.2026 एवं 11.00 hrs	162750

Note: 1. Vendors may visit the IREPS website i.e. **www. ireps.gov.in** for details. 2. No manual offer will be entertained. **Tender Notice No. 98265606 Dated: 14.08.2026** 2813/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

उत्तर रेलवे — ई-नीलामी सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से, वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक / एफ.एस., उत्तर रेलवे, अंबाला मंडल आईआरईपीएस वेबसाइट पर ई नीलामी लीजिंग के माध्यम से अंबाला मंडल के अंतर्गत विभिन्न मेल / एक्सप्रेस ट्रेनों में ब्रेक के एस.एल.आर. / एस.एल.आर.डी. डिब्बों में पार्सल स्पेस (4 / 3.9 टन) के लीज अनुबंध हेतु निविदाएँ आमंत्रित करते हैं। निम्नलिखित विवरणानुसार, निविदा आमंत्रित की जाती हैं —:

क्र.	नीलामी केटलाग सं.	नीलामी शुरू होने की दिनांक एवं समय	नीलामी समाप्त होने की दिनांक एवं समय
1	UMB-SLR-10-2026 (06 लॉट)	25.08.2026 /12:00	25.08.2026 /13:20
क्र.	**ट्रेन सं.**	**से-तक**	**कम्पार्टमेंट**
1.	20990	CDG-UDZ	FSLR-I
2.	19308	UHL-INDB	FSLR-I
3.	22710	AADR-NED	FSLR-I
4.	12232	CDG-LKO	FSLR-I
5.	14218	CDG-PYGS	RSLR-I
6.	14522	UMB-DLI	FSLR-I

ई-नीलामी में भाग लेने या ई- नीलमी प्रक्रिया से संबंधित किसी भी अन्य जानकारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को **www.ireps.gov.in** वेबसाइट पर जाने की सलाह दी जाती है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 2822/26

अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद बोले सुखबीर बादल

नादेड़ में हमले के बाद कहा

जितना मर्जी जोर लगा लो लेकिन हम पंजाब का माहौल खराब नहीं होने देंगे

नादेड़। शिरोमणि अकाली दल (बादल) के अध्यक्ष सुखबीर सिंह बादल को अस्पताल से छुट्टी मिल गई है। बादल पर गुरुवार को महाराष्ट्र के नांदेड़ में माता साहब गुरुद्वारे में हमला किया गया था और इसमें उनके हाथ में चोट आई थी। नांदेड़ में पत्रकारों से बातचीत में बादल ने कहा कि उन पर दो बार हमला किया जा चुका है और दोनों बार यह हमला पवित्र धार्मिक जगहों पर किया गया। बादल ने कहा कि कुछ लोग पंजाब का माहौल खराब करना चाहते हैं लेकिन अकाली दल का अध्यक्ष होने के नाते वह कतई ऐसा नहीं होने देंगे और उनके पिता प्रकाश सिंह बादल ने भी ऐसा ही किया था।

हमलावर ने कहा, वाहेगुरु का आदेश पर किया गया हमला

सुखबीर बादल परनिहंग सिख जसपाल सिंह ने कृपाण से हमला कर दिया। हमले को लेकर उसने पुलिस को बताया कि उसे (देव आदेश) वाहेगुरु से आदेश मिला था। बादल पर हमला महाराष्ट्र के नांदेड़ में मुगत स्थित गुरुद्वारा माता साहिब देवन जी में हुई, जब बादल गुरुद्वारे की सीढ़ियों से नीचे उतर रहे थे। जसपाल वहां 3 अन्य लोगों के साथ खड़ा था, इसी बीच उन्हें देखते ही कृपाण से उनपर हमला कर दिया, जिससे सुखबीर के हाथ में चोट लग गई। इसके बाद पुलिस ने आरोपी निहंग को गिरफ्तार कर लिया और बाद में पूछताछ के लिए नांदेड़ पुलिस मुख्यालय ले जाया गया।

कार्यालय मार्केट कमेटी, चरखी दादरी

निविदा सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मार्केट कमेटी, चरखी दादरी द्वारा सफाई ठेका तिथि 01.09.2026 से 31.08.2027 तक मार्केट कमेटी, चरखी दादरी की नई अनाज मण्डी, नई सब्जी मण्डी, कार्यालय की साफ सफाई, किसान विश्राम गृह, शुल्भ शौचालयों, नई अनाज मण्डी सबयार्ड बाढ़डा, खरीद केन्द्र झोझू कलां, खरीद केन्द्र छपार और खरीद केन्द्र बौंद कला की प्रतिदिन सफाई हेतू ऑनलाईन टेंडर दिया जाना है। इच्छुक फर्म / एजेंसी को मु0 200000/- रूपये (Refundable) की EMD राशि और सोसाईटी को हरियाणा सरकार के नियमानुसार (Refundable) की EMD राशि ऑनलाईन (डेबिट कार्ड / नैट बैंकिंग) के माध्यम से टेंडर फार्म के साथ दिनांक 21.08.2026 को दोपहर उपरान्त 3 बजे से पूर्व जमा करवानी होगी। http://hsamb.haryaneprocurement.gov.in से टेंडर फार्म की कीमत मु0 2000 रूपये और सर्विस चार्ज मु0 1180 रूपये (Non-Refundable) भी ऑनलाईन जमा करवाने होगे। ऑनलाईन निविदा की प्रकाशित तिथि 15.08.2026 समय सुबह 09.00 बजे होगी तथा निविदा दिनांक 21.08.2026 साय 04.00 बजे खोली जायेगी । अन्य शर्तों की जानकारी बारे किसी भी कार्यदिवस में कार्यालय मार्केट कमेटी, चरखी दादरी से प्राप्त की जा सकती है।

सचिव एवं कार्यकारी अधिकारी
मार्केट कमेटी चरखी दादरी ।

सूचना

सभी पाठकों से अनुरोध है कि हरिभूमि समाचार-पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्पले/क्लासीफाईड) में दिए गए तथ्यों/दावों के बारे में अपने विवेक से निर्णय लें और विज्ञापन के दावों की विश्वसनीयता को परखें। हरिभूमि समूह के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की विज्ञापनों के तथ्यों से सम्बन्धित कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।

आरजी कर केस में गिरफ्तार पूर्व टीएमसी विधायक पर हमला

कोलकाता (एजेंसी)। कोलकाता के आरजी कर अस्पताल की डॉक्टर के रेप-मर्डर केस में गिरफ्तार पूर्व टीएमसी विधायक निर्मल घोष पर शुक्रवार को भीड़ ने हमला किया। पुलिस उन्हें नॉर्थ 24 परगना जिले के खरदह थाने से बैरकपुर कोर्ट ले जा रही थी। इसी दौरान भीड़ ने उन्हें घेरकर लात-घूंसों से पीटा। लोगों ने जूते-चप्पल, अंडे और कीचड़ भी फेंका। दूसरे आरोपी संजीब मुखर्जी को भी भीड़ के गुस्से का सामना करना पड़ा। पुलिस और आरएएफ के जवानों ने उनके सिर पर हेलमेट लगा दिया। इसके बावजूद निर्मल घोष के कपड़ों पर कीचड़ और अंडे के निशान दिखे। बैरकपुर कोर्ट पहुंचने पर भी लोगों ने 'चोर-चोर' के नारे लगाए।

उत्तर रेलवे — ई-निविदा

वरिष्ठ मंडल अभियंता-समन्वय / अम्बाला के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से ई-निविदा के माध्यम से इच्छुक ठेकेदारो से निम्न लिखित कार्यो हेतु खुली निविदायें आमंत्रित की जाती है जो कि उन कार्यो के सामने दी गयी तिथि को 15.00 बजे तक खुली रहेगी और उसके बाद खोली जाएगी।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (Rs.)	अग्रिम राशि (Rs.)	कार्य समाप्ति का समय	निविदा खुलने की तिथि
1	ADEN/PTA के अंतर्गत टर्नआउट के छेदों का कोल्ड एक्सपेंशन।	4,99,870	10,000	02 महीने	09.09.2026
2	(1) UMB - LDH सेक्शन पर शंभू स्टेशन पर PF नंबर 1 को रेल लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा करना और इसे 600 मीटर तक बढ़ाना, साथ ही PF नंबर 1 और 2 को जोड़ने के लिए 3.0 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज बनाना। (II) शंभू स्टेशन में मौजूदा प्लेटफॉर्म नबर 2 को हाई लेवल तक ऊंचा करना और शंभू स्टेशन में 2 लिफ्ट और सराय बजारा स्टेशन पर 3 लिफ्ट लगाना; साथ ही फतेहगढ़ साहिब, बसी पठाना, नोगांवा, न्यू मोरिंडा, मोरिंडा, कुराली, मियांपुर, रूपनगर, घनौली, भरतगढ़, कीरतपुर साहिब, नंगल डैम, रायमेहतपुर, ऊना हिमाचल, पनोह, चुरारू टकराला, अब अंदौरा, चिंतपूर्णी मार्ग, दौलतपुर चौक, अंबाला सिटी, राजपुरा, सराय बजारा, सरहिंद के प्लेटफॉर्म पर टैक्टाइल गाइडिंग और वॉर्निंग टाइलें लगाना।	11,07,14,628	22,14,300	12 महीने	09.09.2026
3	UMB & LDH सेक्शन पर साधुगढ़ स्टेशन पर पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को रेल लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा करना और उसे 600 मीटर तक बढ़ाना।	2,42,13,392	4,84,300	06 महीने	09.09.2026
4	UMB & LDH सेक्शन पर चावापैल स्टेशन पर पैसेंजर प्लेटफॉर्म नंबर 1 को मीडियम लेवल से हाई लेवल तक ऊंचा करना और उसे 600 मीटर तक बढ़ाना।	2,15,02,690	4,30,100	06 महीने	09.09.2026
5	SSE/W/RPAR के अंतर्गत घनौली-भरतगढ़ स्टेशनों के बीच अतिक्रमण की आशंका वाली संवेदनशील जगहों पर बाउंड्री वॉल (W-बीम फेंसिंग) लगाने का प्रावधान।	4,21,57,286	8,43,200	06 महीने	09.09.2026
6	ADEN/BTI के अंतर्गत SSE/P-way/BTI सेक्शन में ट्रैक के दैनिक रखरखाव से संबंधित विविध कार्य।	62,21,553	1,24,400	09 महीने	09.09.2026
7	SSE/P.WAY/PTA और UKN के अंतर्गत ट्रैक के दैनिक रखरखाव से संबंधित विविध कार्य।	1,08,91,243	2,17,800	09 महीने	09.09.2026
8	अंबाला डिवीज़न के Sr.DEN-1 और Sr.DEN-3 के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्टेशन, स्टेशन और रेलवे कॉलोनी के बीच के इलाके आदि के लिए ज़मीन के प्लान को अपडेट करना, उनका मिलान करना, सर्टिफिकेशन और कम्प्यूटराइज़ेशन करना।	34,13,484	68,300	12 महीने	09.09.2026
9	अंबाला डिवीज़न के Sr.DEN-2 और Sr.DEN-4 के अधिकार क्षेत्र में आने वाले स्टेशन, स्टेशन और रेलवे कॉलोनी के बीच के इलाके आदि के लिए ज़मीन के प्लान को अपडेट करना उनका मिलान करना, सर्टिफिकेशन और कम्प्यूटराइज़ेशन करना।	24,64,691	49,300	12 महीने	09.09.2026
10	वरिष्ठ मंडल इंजीनियर / II / अम्बाला के अधीन सहायक मंडल इंजीनियर / बठिंडा के सेक्शन में टीटीआर (TWS) एवं टर्नआउट स्लीपर नवीनीकरण कार्य, जिसके अंतर्गत टीटीआर (TWS-CMSC)-40 सेट, टीटीआर (FS+TWS+WCMS C)-13 सेट, टीटीआर (TWS)-65 सेट, टीटीआर (TSR)-110 सेट तथा टीटीआर (CMSC)-25 सेट का कार्य।	69,77,677	1,39,600	08 महीने	09.09.2026

नोट:- 1. ठेकेदार को शर्तों के अनुसार निविदा योग्यता पूरी करने हेतु सभी जरूरी संबंधित डॉक्यूमेंन्टों के स्कैनिंग कॉपी को रेलवे वेबसाइट IREPS पर अपलोड करनी जरूरी है। 2. अग्रिम राशि ऑन लाइन पेमेन्ट नेट बैकिंग / गेटवे पेमेन्ट / बैंक गारंटी बांड अनुबंध IV के द्वारा ही स्वीकार्य होगें। 3. निविदा की विस्तृत जानकारी हेतु रेलवे वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर लोग ऑन करें। 4. ठेकेदार को ई-निविदा में भागीदारी हेतु (क्लास-III) डिजिटल सिगनेचर सार्टिफिकेट द्वारा लोग ऑन करना होगा।
5. जी.एस.टी. एक्ट 2017 के अनुसार लागू होगी।

खुली निविदा संख्या 22-अम्बाला / 2026-27 दिनांक : 14.08.2026 2826/2026

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड

(विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग)
ब्लाक-II, द्वितीय तल, टेक्नोलॉजी भवन, न्यू मैहरोली मार्ग, नई दिल्ली - 110016
वेबसाइट: www.tdb.gov.in

सत्यमेव जयते

रिक्ति सूचना

भारतीय नागरिकों से निम्नलिखित पद / पोजिशन हेतु तीन वर्ष के संविदा आधार पर आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं:

क्र. सं.	पद	पद की संख्या
1.	सहायक विधि अधिकारी (संविदा के आधार पर)	02

उपरोक्त रिक्ति विज्ञापन से सम्बन्धित विस्तृत जानकारी हेतु जैसे योग्यता, अनुभव, समेकित नियत वेतन, आयु सीमा, पात्रता मानदंड, आवेदन प्रारूप एवं अन्य नियमों एवं शर्तों आदि हेतु कृपया डीएसटी और टीडीबी की आधिकारिक वेबसाइट (www.dst.gov.in and www.tdb.gov.in) पर देखें।
आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि: **25 सितंबर 2026 सायं 5 बजे तक।**
नोट: किसी भी प्रकार का अपडेट/शुद्धिपत्र / संशोधन आदि जैसी सूचना केवल टीडीबी की आधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड / पोस्ट की जायेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे नियमित रूप से टीडीबी की आधिकारिक वेबसाइट देखें।

अवर सचिव, टीडीबी
CBC-36106/11/0004/2627

राशिफल

मेष — मन प्रसन्न तो रहेगा, परन्तु बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा। चिकित्सीय खर्च बढ़ सकते हैं।

वृष — आत्मसंयत रहें। क्रोध से बचें। परिवार के साथ किसी धार्मिक स्थान पर जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भागदौड़ अधिक रहेगी। मन प्रसन्न

मिथुन — किसी धार्मिक स्थान की यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। वाहन के रखरखाव पर खर्च बढ़ सकते हैं। सुस्वादु खानपान में रुचि रहेगी।

कर्क — जीवनसाथी का साथ मिलेगा। कारोबार में लाभ के अवसर मिलेंगे। वाणी में सौम्यता रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

सिंह — जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय रहेगा। आत्मविश्वास में कमी आएगी। परिवार की समस्याओं पर ध्यान दें।

कन्या — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक या शोधादि कार्यों के लिए विदेश जा सकते हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

तुला — मन प्रसन्न रहेगा। व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन मिल सकता है। अपनी भावनाओं को वश में रखें।

वृश्चिक — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा। कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे।

धनु — आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति रहेगी। क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। घर-परिवार में धार्मिक एवं मांगलिक कार्य हो सकते हैं।

मकर — क्रोध से बचें। बातचीत में संयत रहें। वस्त्र उपहार में प्राप्त हो सकते हैं। पिता से धन मिल सकता है। मन प्रसन्न रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा।

कुंभ — मान-सम्मान की प्राप्ति होगी। सेहत का ध्यान रखें। परिवार के साथ यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। अनियोजित खर्च बढ़ेंगे। माता का सहयोग मिलेगा।

मीन — पठन-पाठन में रुचि बढ़ेगी। वाणी में मधुरता रहेगी। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे। आय में वृद्धि होगी। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिलेंगे।

भारत आएंगे ईरान के राष्ट्रपति

ब्रिक्स सम्मलेन में शामिल होंगे मसूद पेजेशकियन

नई दिल्ली। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन आगामी ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में शामिल होने के लिए नई दिल्ली आएंगे। ईरानी सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पेजेशकियन की यह यात्रा सितंबर में राष्ट्रीय राजधानी में होने वाले ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के लिए होगी। भारत 2026 में ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है और 18वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा। सम्मेलन भारत की अध्यक्षता में 'लचीलेपन, नवाचार, सहयोग और स्थिरता के लिए निर्माण' विषय के तहत आयोजित किया जाएगा। भारत ने 2026 की शुरुआत में ब्राजील से ब्रिक्स की अध्यक्षता संभाली थी।

शब्द पहेली - 6318



बाएँसेदाए±
1.कार्य,काम-2
2.अग्नि,अनल-2
3.संग,संगत-2
4.मदिरा,शराब-2
6.चुटीली बात-2
7.उम्मीद-2
8.समाचार,सूचना-3
9.भगवान कृष्ण के खेल-2
10.छाया,परछाई-2
11.कहासुनी-3
12.जी,चित-2
13.निशा-2
14.पासों का खेल-3
16.करीना की फिल्म-2
17.आगे वाला-3
18.सीधा,सरल-2
19.वीर,बहादुर-2
20.दलदल,गाद-3
21.तांत,टेलीग्राम -2
22.वंश,खानदान-2
23.नशा,नशापानी-3
24.चिट्ठी,पत्र-2
26.सही का विलोम-3
27.ठिकाना-2
28.प्राण,दम-2
29.नरक (उर्दू-3)
30.बीता हुआ दिन-2
31.पोखर,तालाब-2
32.हताहत-3
33.दर,मूल्य-2
34.आयु-2
36.अंधकार-2
37.पांव,पैर-2
38.कान्हा-2
39.टैक्स,हाथ-2

ऊपर से नीचे
1.समय,वक्त-2
2.आगमन-2
3.पति की मां-2
4.भोर,सवेरा-3
5.झगड़ा-2
6.लॉक,द्वारयंत्र-2
7.धाय,नर्स,दाई-2
8.अवरोध,रुकावट-3
9.मगन,मग्न-2
10.सप्त,सप्तम-2
11.लक्ष्मी,रमा-3
12.मौज,मजा-2
13.महाराजा-2
14.घिसन,रगस-3
15.गमन,जाना-2
16.पुनः,वापस-2
17.स्थिर-3
18.निष्कर्ष-2
19.कांटा-2
20.मूल्य,दाम-3
21.पितामह-2
22.मजदूर-2
23.ईश्वर-3
24.भूल,गलती-2
25.मछली-2
26.नगमा-3
27.क्षण-2
28.पाश-2
29.दूसरा-3
30.थोड़ा-2
31.तांबा-2
32.हमला-2
33.कलंक-2
34.गरम-2
35.मयूर-2

शब्द पहेली -6317 का हल





हरिभूमि कम्यूनिकेशंस प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक देवेन्द्र सिंह द्वारा हरिभूमि पब्लिकेशंस, चुलियाना मोड़, दिल्ली रोड, रोहतक-124517 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक-124001 से प्रकाशित। संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। RNI No. 63924/1996, फोन : 9253681019-20, फैक्स : 274202, e-mail : rohtak@haribhoomi.com, rohtakharibhoomi@gmail.com
Postal Regd. No. P/RTK/389/2026-28


माटी का मान
मातृभूमि की शान
देशभक्ति का रंग चढ़ा
तिरंगा ही अभिमान
हरियाणा सरकार
स्वतंत्रता दिवस
के अवसर पर समस्त देशवासियों को
हार्दिक शुभकामनाएं
15 अगस्त, 2026
"आप सभी को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।
आशा है कि यह दिन हमें अपने स्वतंत्रता सेनानियों के सपनों
को साकार करने और एक विकसित भारत के निर्माण के लिए
और भी अधिक मेहनत करने के लिए प्रेरित करेगा। जय हिंद !"
- नरेन्द्र मोदी
सूचना, लोक संपर्क तथा भाषा विभाग, हरियाणा
www.prharyana.gov.in | Follow us on @diprharyana

चौथे दिन भी जारी रही बाजार की सुस्ती, सेंसेक्स 71 अंक और निफ्टी में मामूली गिरावट

एजेंसी ▶▶| मुंबई

ऊंची तेल कीमतों और अमेरिका-ईरान गतिरोध के लंबे समय तक बने रहने के बीच निवेशकों की धारणा प्रभावित होने से घरेलू शेयर बाजार शुक्रवार को कमजोरी के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 71 अंक और निफ्टी में 30 अंक की गिरावट दर्ज की गई।

बीएसई का 30 शेयरों वाला मानक सूचकांक सेंसेक्स 70.71 अंक यानी 0.09 प्रतिशत गिरकर 78,009.25 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 395.59 अंक यानी 0.50 प्रतिशत गिरकर 77,684.37 अंक तक आ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का 50 शेयरों वाला मानक सूचकांक निफ्टी भी 29.85 अंक यानी 0.12 प्रतिशत गिरकर 24,366 अंक पर बंद हुआ। यह निफ्टी में गिरावट का लगातार चौथा सत्र रहा। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से एशियन पेंट्स, इंडिगो, एनटीपीसी, पावर ग्रिड, भारतीय स्टेट बैंक और एचसीएल टेक के शेयर गिरावट में रहे।

कच्चे तेल की कीमतों और ईरान गतिरोध के बीच नरमी पर बंद हुआ शेयर बाजार

सेंसेक्स में 0.62 प्रतिशत की गिरावट

बीएसई सेंसेक्स में 489.92 अंक यानी 0.62 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई जबकि एनएसई निफ्टी 204.65 अंक यानी 0.83 प्रतिशत नुकसान में रहा। ऑनलाइन ट्रेडिंग मंच एनरिच मनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) पोनमुडी आर. ने कहा, भारतीय शेयर बाजार कमोबेश स्थिर रुझान के साथ बंद हुए। अमेरिका-ईरान गतिरोध बने रहने और होर्मुज जलडमरूमध्य खुलने को लेकर अनिश्चितता के बीच निवेशकों ने सतर्क रुख अपनाया। अमेरिकी शेयर बाजार के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंचने और अमेरिकी महंगाई के नरम आंकड़ों के बावजूद घरेलू बाजारों ने सतर्कता दिखाई।

मिडकैप में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी

व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.65 प्रतिशत की गिरावट पर रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.13 प्रतिशत की कमजोरी रही। क्षेत्रवार सूचकांकों में आवासीय वित्त खंड 1.40 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मिडस्माल निजी बैंक सूचकांक 0.58 प्रतिशत, तेल एवं गैस खंड 0.45 प्रतिशत और ऊर्जा खंड 0.44 प्रतिशत गिरकर बंद हुआ। वहीं, अस्पताल खंड ने 1.49 प्रतिशत की तेजी दिखाई और दूरसंचार खंड में 0.86 प्रतिशत, बीमा खंड में 0.21 प्रतिशत और टिकाऊ उपभोक्ता खंड में 0.17 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई।

टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स के शेयर 47 प्रतिशत चढ़कर बंद

बुनियादी ढांचा क्षेत्र की कंपनी टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स लिमिटेड का शेयर बाजार में सूचीबद्ध होने के बाद अपने निर्गम मूल्य से करीब 47 प्रतिशत की बढ़त के साथ बंद हुआ। बीएसई पर कंपनी ने 212 रुपए के निर्गम मूल्य से 34.43 प्रतिशत की बढ़त के साथ 285 रुपए प्रति शेयर पर शुरुआत की। बाद में यह 57.83 प्रतिशत चढ़कर 334.60 रुपए पर पहुंच गया। हालांकि कारोबार के अंत में यह 46.76 प्रतिशत की बढ़त के साथ 311.15 रुपए पर बंद हुआ। एनएसई पर कंपनी का शेयर 284 रुपए के भाव पर सूचीबद्ध हुआ जो निर्गम मूल्य से 33.96 प्रतिशत की बढ़त है। कारोबार के अंत में 46.76 प्रतिशत चढ़कर 311.15 रुपए पर रहा। इस तरह शेयर सूचीबद्धता के दिन कंपनी का बाजार पूंजीकरण 1,232.35 करोड़ रुपए रहा। टेक्नोक्राफ्ट वेंचर्स लिमिटेड के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को बोली के अंतिम दिन मंगलवार को कुल 38.69 गुना अभिदान मिला था। करीब 251.88 करोड़ रुपए के आईपीओ के लिए मूल्य दायरा 200-212 रुपए प्रति शेयर तय किया गया था।

खबर संक्षेप

ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस का लाभ दोगुना

नई दिल्ली। कार्यस्थल प्रदाता ऑफिस स्पेस सॉल्यूशंस लिमिटेड का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ दोगुना से अधिक होकर 23.93 करोड़ रुपए हो गया। कंपनी का शुद्ध लाभ 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 10.03 करोड़ रुपए रहा था। आय बढ़कर 448.87 करोड़ रुपए हो गई।

4 प्रतिशत चढ़कर सूचीबद्ध हुए लीप इंडिया के शेयर



नई दिल्ली। लीप इंडिया लिमिटेड का शेयर अपने निर्गम मूल्य 159 रुपए से चार प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ शुक्रवार को बाजार में सूचीबद्ध हुआ। बीएसई पर शेयर ने 166 रुपए पर शुरुआत की, जो निर्गम मूल्य से 4.40 प्रतिशत अधिक है। एनएसई पर शेयर 4.33 प्रतिशत की बढ़त के साथ 165.90 रुपए पर सूचीबद्ध हुआ।

इंजीनियर्स इंडिया का लाभ बढ़ा, 109 करोड़ रु. पर पहुंचा

नई दिल्ली। इंजीनियर्स इंडिया लिमिटेड (ईआईएल) का शुद्ध लाभ चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में 55 प्रतिशत बढ़कर 109 करोड़ रुपए रहा। कंपनी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। कंपनी का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में 70 करोड़ रुपए था। ईआईएल ने बयान में कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसका परिचालन मार्जिन भी बढ़कर करीब 14 प्रतिशत यानी 108 करोड़ रुपए हो गया, जो पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में सात प्रतिशत यानी 59 करोड़ रुपए था।

जय हिंद इंडस्ट्रीज करेगी 600 करोड़ रुपए का निवेश

नई दिल्ली। एल्युमिनियम से बने उच्च गुणवत्ता वाले कल-पुर्जों की आपूर्ति करने वाली जय हिंद इंडस्ट्रीज प्राइवेट लिमिटेड (जेएचआई) ने अपनी उत्पादन क्षमता और विनिर्माण इकाइयों को मजबूत करने के लिए अगले दो वर्षों में 600 करोड़ रुपए के चरणबद्ध निवेश की घोषणा की है। कंपनी ने कहा कि यह निवेश हाई प्रेशर डाई कास्टिंग (एचपीडीसी) और ग्रैविटी डाई कास्टिंग (जीडीसी) कारोबार के विस्तार के मकसद से किया जाएगा।

गलत काम करोगे तो भुगतने होंगे परिणाम : कैंपबेल

नई दिल्ली। एयर इंडिया के मुख्य कार्यकारी अधिकारी कैंपबेल विल्सन ने कर्मचारियों को ईमानदारी से काम करने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि जब कोई न देख रहा हो, तब भी सही काम करें। विल्सन ने कर्मचारी यात्रा विशेषाधिकारों के दुरुपयोग सहित कई मुद्दों पर प्रकाश डाला। उन्होंने गलत काम करने के गंभीर परिणामों की भी चेतावनी दी। विल्सन की यह टिप्पणी एक टाउनहॉल बैठक के दौरान आई।

पश्चिम एशिया में टकराव शुरू होने के बाद कई हफ्तों तक रही थी गिरावट

विदेशी मुद्रा भंडार में रिकॉर्ड उछाल, पहली बार 707 अरब डॉलर के पार पहुंचा खजाना

एजेंसी ▶▶| मुंबई

देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 अगस्त को समाप्त सप्ताह में 14.14 अरब डॉलर बढ़कर 707 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। इसके एक सप्ताह पहले विदेशी मुद्रा भंडार 10.512 अरब डॉलर की बढ़त के साथ 692.87 अरब डॉलर रहा था।

इस साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह में देश का विदेशी मुद्रा भंडार बढ़कर 728.49 अरब डॉलर के अब तक के सबसे ऊंचे स्तर पर पहुंच गया था। हालांकि पश्चिम एशिया में टकराव शुरू होने के बाद कई हफ्तों तक इसमें गिरावट दर्ज की गई। संकट के दौरान रुपए पर दबाव बनने से रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में दखल देना पड़ा।

स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.99 अरब डॉलर बढ़ा

इस दौरान स्वर्ण भंडार का मूल्य 3.99 अरब डॉलर बढ़कर 108.74 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 7.9 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.74 अरब डॉलर पर पहुंच गए। आरबीआई के आंकड़ों के मुताबिक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में देश का आरक्षित भंडार भी 11.6 करोड़ डॉलर बढ़कर 4.89 अरब डॉलर हो गया।

विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.95 अरब डॉलर बढ़ी

आरबीआई के आंकड़ों के अनुसार, समीक्षाधीन सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार में सबसे बड़ी हिस्सेदारी रखने वालीं विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 9.95 अरब डॉलर बढ़कर 574.62 अरब डॉलर हो गईं। डॉलर के संदर्भ में इन परिसंपत्तियों में यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के उतार-चढ़ाव का प्रभाव भी शामिल होता है। पिछले महीने सरकार और आरबीआई ने देश में विदेशी मुद्रा प्रवाह बढ़ाने के लिए एफसीएनआर (बी) समेत कई उपायों की घोषणा की थी। इन प्रयासों से अब तक करीब 40 अरब डॉलर प्राप्त हो चुके हैं।

एसजीबी सीरीज थर्ड का रिडेम्पशन शुरू, चार गुना हुआ निवेश

नई दिल्ली। सॉवेरन गोल्ड बॉन्ड (एसजीबी) 2019-20 सीरीज थर्ड के निवेशक सोमवार से प्रीमैच्योर रिडेम्पशन प्राप्त कर सकते हैं। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की ओर से रिडेम्पशन प्राइस 15,310 रुपए प्रति यूनिट तय किया गया है, जो कि इसके इश्यू प्राइस 3,449 प्रति यूनिट से करीब 4 गुना ज्यादा है। एसजीबी 2019-20 सीरीज III को 14 अगस्त, 2019 को जारी किया गया था। एसजीबी के एक यूनिट की वैल्यू करीब एक ग्राम होती है। रिडेम्पशन की कीमत, इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन (आईबीजेए) द्वारा पब्लिश किए गए 999-प्योरिटी वाले सोने के क्लोजिंग प्राइस के सिंपल एवरेज पर आधारित होती है। यह एवरेज रिडेम्पशन की तारीख से ठीक पहले के तीन कारोबारी दिनों के लिए निकाला जाता है। आरबीआई के एसजीबी नियमों के तहत, जारी होने की तारीख के पांच साल बाद, ब्याज भुगतान की तारीख पर प्रीमैच्योर (समय से पहले) रिडेम्पशन की सुविधा मिलती है। एजीबी को नवंबर 2015 में केंद्र सरकार ने आरबीआई के साथ मिलकर शुरू किया था। इसके जरिए सरकार की कोशिश देश में फिजिकल गोल्ड की मांग में कमी लाना था।

रुपए में तेजी, 3 पैसे की बढ़त के साथ 95.42 प्रति डॉलर पर बंद

एजेंसी ▶▶| मुंबई

अमेरिकी डॉलर के कमजोर रुख से घरेलू मुद्रा को मिले समर्थन के बीच रुपया शुक्रवार को 3 पैसे मजबूत होकर 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। विदेशी मुद्रा कारोबारियों के अनुसार, वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच विदेशी पूंजी की निकासी और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के कारण रुपए पर दबाव कायम है।

अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 95.39 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 95.38 से 95.44 प्रति डॉलर के सीमित दायरे में रहा। अंत में 95.42 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर बंद हुआ, जो पिछले बंद भाव से 3 पैसे की बढ़त दर्शाता है। रुपया गुरुवार को 12 पैसे टूटकर 95.45 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था।

रुपए पर आयात लागत का दबाव

एलकेपी सिक्योरिटीज में शोध विश्लेषक (जिंस एवं मुद्रा) जतिन त्रिवेदी ने कहा कि रुपए में इस सप्ताह कमजोरी का रुख रहा लेकिन कुल मिलाकर इसमें सीमित दायरे में ही कारोबार हुआ। त्रिवेदी ने कहा, 'जुलाई में कच्चे तेल की कीमतों में करीब 25 प्रतिशत की तेजी आई थी और यह अब भी ऊंचे स्तर पर है। इससे रुपए पर आयात लागत का दबाव बना हुआ है। वहीं, डॉलर सूचकांक 100 के स्तर से नीचे करीब 99.50 पर रहा, जिससे रुपए की गिरावट सीमित रही। निकट अवधि में रुपए के 95.10 से 95.80 के दायरे में रहने का अनुमान है। कच्चे तेल और डॉलर की दिशा रुपए के लिए प्रमुख कारक रहेगी।'

डॉलर सूचकांक में 0.08 प्रतिशत की गिरावट

इस बीच, दुनिया की छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दर्शाने वाला डॉलर सूचकांक 0.08 प्रतिशत की गिरावट के साथ 99.78 पर आ गया। घरेलू शेयर बाजारों में सेंसेक्स 70.71 अंक टूटकर 78,009.25 अंक पर और निफ्टी 29.25 अंक की गिरावट के साथ 24,366 पर बंद हुआ। अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट कच्चा तेल का वायदा भाव 0.99 प्रतिशत चढ़कर 87.93 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल हो गया।

भारत का निर्यात 13.31% बढ़कर 80.14 अरब डॉलर हुआ, आयात में तेजी

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

वैश्विक आर्थिक चुनौतियों के बावजूद भारत के निर्यात क्षेत्र ने मजबूत प्रदर्शन जारी रखा है। वाणिज्य मंत्रालय की ओर से जारी आंकड़ों के अनुसार, जुलाई 2026 में भारत का कुल वस्तु एवं सेवा निर्यात 13.31 प्रतिशत बढ़कर 80.14 अरब डॉलर पर पहुंच गया। पिछले वर्ष जुलाई में यह आंकड़ा इससे काफी कम था, जिससे स्पष्ट है कि भारतीय निर्यात को वैश्विक बाजारों में मजबूत मांग का समर्थन मिल रहा है।

- लगातार मजबूत प्रदर्शन देश के बाह्य व्यापार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा

इसी दौरान भारत का कुल आयात 15.83 प्रतिशत बढ़कर 95.16 अरब डॉलर रहा। हालांकि आयात में वृद्धि दर्ज की गई है, लेकिन निर्यात क्षेत्र का लगातार मजबूत प्रदर्शन देश के बाह्य व्यापार के लिए सकारात्मक संकेत माना जा रहा है।

मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट बढ़कर 44.24 अरब डॉलर पर पहुंचा

जुलाई 2026 में वस्तु निर्यात (मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट) बढ़कर 44.24 अरब डॉलर पर पहुंच गया, जबकि जुलाई 2025 में यह 36.98 अरब डॉलर था। निर्यात वृद्धि में पेट्रोलियम उत्पाद, इलेक्ट्रॉनिक सामान, इंजीनियरिंग उत्पाद, रसायन और वस्त्र क्षेत्र का महत्वपूर्ण योगदान रहा।सबसे उल्लेखनीय वृद्धि पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात में दर्ज की गई। जुलाई में इनका निर्यात 67.64 प्रतिशत बढ़कर 6.92 अरब डॉलर हो गया। इसके साथ ही इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं का निर्यात 57.4 प्रतिशत बढ़कर 5.92 अरब डॉलर तक पहुंच गया, जो भारत के इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्षेत्र की बढ़ती प्रतिस्पर्धात्मकता को दर्शाता है।

लॉक-इन खत्म होते ही शेयरों पर दबाव, एफपीआई बने बड़े बिकवाल

- सेबी अध्ययन में सूचीबद्ध 242 'मेनबोर्ड आईपीओ' को किया गया शामिल

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक (एफपीआई) बड़े निवेशकों में सबसे बड़े बिकवाल रहे और बड़े निवेशकों की भारी बिकवाली शेयर बेचने पर रोक की 30 दिन की अवधि खत्म होने के आसपास आईपीओ शेयर की कीमतों पर तेज दबाव से जुड़ी रही। वर्तमान नियमों के अनुसार बड़े (एंकर) निवेशकों को आवंटित शेयर में 50 प्रतिशत पर 90 दिन और शेष 50 प्रतिशत पर 30 दिन के लिए शेयर बेचने पर रोक (लॉक-इन) रहती है।

भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के एक अध्ययन में यह बात सामने आई।

अध्ययन में अप्रैल 2022 से अक्टूबर 2025 के बीच सूचीबद्ध 242 'मेनबोर्ड आईपीओ' को शामिल किया गया। इसमें यह भी पाया गया कि छोटे आईपीओ में बड़े निवेशकों की निकासी अधिक रही। अध्ययन के अनुसार, बड़े (एंकर) निवेशकों की निकासी की सबसे अधिक तीव्रता वाली श्रेणी में (जहां एंकर निवेशकों की 10 प्रतिशत से अधिक हिस्सेदारी बेची गई) आईपीओ में टी+29 से टी+33 की अवधि के दौरान कीमतों पर औसतन 3.5 प्रतिशत का नकारात्मक असर पड़ा। मध्यिका के आधार पर कीमतों पर असर और अधिक रहा तथा यह करीब छह प्रतिशत की गिरावट रही।

लेनोवो का पहली तिमाही का राजस्व 18 प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। लेनोवो इंडिया के राजस्व में चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सालाना आधार पर 18 प्रतिशत की बढ़ोतरी दर्ज की गई। मजबूत मांग से यह वृद्धि दर्ज की गई। कंपनी ने भारत में अपने कारोबार से संबंधित राजस्व का विशिष्ट आंकड़ा जारी नहीं किया है। लेनोवो इंडिया के उपाध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक शैलेंद्र कट्याल ने कहा, लेनोवो इंडिया का यह प्रदर्शन व्यक्तिगत एआई और उद्यम एआई के लिए हमारे पूर्ण-स्तरीय हाइब्रिड एआई समाधानों की मजबूती, हमारी आपूर्ति श्रृंखला के लचीलेपन और ग्राहकों के भरोसे को दर्शाता है।' उन्होंने कहा कि ग्राहक अब अलग-अलग प्रौद्योगिकियों के बजाय तेजी से एकीकृत समाधान तलाश रहे हैं।

फुजियामा पावर सिस्टम्स का लाभ घटा

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

फुजियामा पावर सिस्टम्स का चालू वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में एकल शुद्ध लाभ सालाना आधार पर 14.5 प्रतिशत घटकर 57.8 करोड़ रुपए रह गया। वित्त वर्ष 2025-26 की पहली (अप्रैल-जून) तिमाही में कंपनी का शुद्ध लाभ 67.6 करोड़ रुपए था।

फुजियामा पावर सिस्टम्स ने कहा कि समीक्षाधीन तिमाही में उसकी परिचालन आय बढ़कर 1,345.7 करोड़ रुपए हो गई, जो वित्त वर्ष 2025-26 की समान तिमाही में 597.3 करोड़ रुपए थी। कंपनी का वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही में सामान्यीकृत शुद्ध लाभ 165.2 करोड़ रुपए रहा।

- कंपनी का 2026-27 की पहली तिमाही में शुद्ध लाभ 165 .2 करोड़ रुपए रहा

इसमें 107.4 करोड़ रुपए के असाधारण मद (शुद्ध कर) को शामिल नहीं किया गया है। समीक्षाधीन तिमाही में कंपनी ने मध्य प्रदेश के रतलाम में इस महीने की शुरुआत में दो गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1000 मेगावाट) क्षमता का पावर इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण संयंत्र शुरू किया था।

विक्रम सोलर का तमिलनाडु में सौर प्लांट शुरू

नई दिल्ली। विक्रम सोलर ने तमिलनाडु के तिरुनेलवेली में छह गीगावाट क्षमता का सौर मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र शुरू करने की शुक्रवार को घोषणा की। कंपनी ने बयान में कहा कि तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने चेन्नई में आयोजित राज्य-स्तरीय कार्यक्रम के तहत डिजिटल माध्यम से इस संयंत्र का उद्घाटन किया। विक्रम सोलर ने कहा कि छह गीगावाट (एक गीगावाट बराबर 1,000 मेगावाट) क्षमता वाले इस सौर मॉड्यूल विनिर्माण संयंत्र से क्षेत्र में 800 से अधिक कुशल पेशेवरों के लिए रोजगार के अवसर पैदा होने की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2026-27 तक नौ गीगावाट क्षमता की सौर सेल विनिर्माण क्षमता स्थापित करने की भी योजना है।

केंद्र सरकार ने जारी की 40 सवालों की लिस्ट

आजादी के बाद पहली बार जनगणना में पूछी जाएगी जाति

नई दिल्ली (एजेंसी)। केंद्र सरकार ने जनगणना-2027 के लिए 40 सवालों की लिस्ट जारी कर दी है। इसमें लोगों से एससी, एसटी या अन्य जाति के बारे में पूछा जाएगा। आजादी के बाद यह पहली बार होगा जब सभी समुदायों की जाति की जानकारी जनगणना में दर्ज की जाएगी। इससे पहले 2011 की जनगणना के फॉर्म में 29 सवाल थे। इसमें जाति से जुड़ी जानकारी के लिए सिर्फ एससी/एसटी का विकल्प था। जनगणना-2027 के सवालों की लिस्ट में जाति से जुड़ा सवाल नंबर 10 पर है, जिसमें एससी/एसटी के साथ जाति शब्द भी जोड़ा गया है। खास बात यह है कि लोगों से कोविड वैक्सीन कहां लगवाई थी, यह सवाल भी पूछा जाएगा। इसके साथ मोबाइल नंबर, आधार, वोटर आईडी और बैंक अकाउंट से जुड़े सवाल भी होंगे।

12 सवालों में नाम से जाति तक जानकारी

जनगणना में व्यक्ति का नाम, परिवार के मुखिया से संबंध, लिंग, जन्मतिथि और उम्र पूछी जाएगी। साथ ही वैवाहिक स्थिति, शादी के समय उम्र, पति या पत्नी का नाम, राष्ट्रीयता, धर्म और एससी/एसटी/जाति की जानकारी ली जाएगी। माता-पिता की जानकारी भी दर्ज होगी।

5 सवालों में पढ़ाई और डिजिटल साक्षरता

इस हिस्से में दिव्यांगता, मातृभाषा और दूसरी भाषाएं, साक्षरता और डिजिटल साक्षरता की जानकारी ली जाएगी। साथ ही शैक्षणिक संस्थान में पढ़ाई की स्थिति और उच्चतम शैक्षणिक योग्यता, स्ट्रीम या विषय पूछा जाएगा।

8 सवालों में काम और नौकरी की जानकारी

व्यक्ति ने पिछले एक साल में काम किया या नहीं, उसकी आर्थिक गतिविधि, व्यवसाय और काम का क्षेत्र पूछा जाएगा। इसके अलावा कामगार की श्रेणी, गैर-आर्थिक गतिविधि, काम की तलाश या उपलब्धता और काम की जगह तक आने-जाने की जानकारी भी ली जाएगी।

8 सवालों में जन्मस्थान से बच्चों तक की जानकारी

इस सेक्शन में जन्म स्थान, पिछला निवास स्थान, माइग्रेशन का कारण और वहां रहने की अवधि पूछी जाएगी। स्थायी निवास का पता भी दर्ज होगा। महिलाओं से जीवित बच्चों, अब तक जन्मे बच्चों और पिछले एक साल में जन्मे बच्चों की संख्या भी पूछी जाएगी।

7 सवालों में डॉक्यूमेंट्स

कोविड-19 वैक्सीन कहां लगवाई, कुल बैंक अकाउंट और मोबाइल नंबर पूछा जाएगा। साथ ही आधार नंबर, वोटर आईडी, पासपोर्ट नंबर और ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध है या नहीं इसकी जानकारी भी ली जाएगी।

खजुराहो से 25 अक्टूबर से शुरू होगी नियमित उड़ान

खजुराहो। पर्यटकों के लिए बड़ी खुशखबरी है। खजुराहो एयरपोर्ट से 25 अक्टूबर से एयर इंडिया अपनी नियमित उड़ान सेवा शुरू करने जा रहा है। यह फ्लाइट दिल्ली से रवाना होकर खजुराहो होते हुए वाराणसी जाएगी। डीजीसीए से इसके संचालन की मंजूरी मिल चुकी है। एयरपोर्ट निदेशक संतोष सिंह ने बताया कि एयर इंडिया की टीम ने एयरपोर्ट पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया है। सेवा सप्ताह में चार दिन सोमवार, बुधवार, शुक्रवार और रविवार को संचालित होगी। खजुराहो में लंबे समय से नियमित हवाई सेवा की मांग की जा रही थी।

ईओडब्ल्यू ने सैफ अली से मांगे जमीन के दस्तावेज

भोपाल। आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (ईओडब्ल्यू) ने भोपाल रियासत के अंतिम नवाब हमीदुल्लाह खान की पत्नी आफताब जहां बेगम की बेची गई संपत्तियों की जांच तेज कर दी है।

प्रधानमंत्री कार्यालय और ईओडब्ल्यू महानिदेशक को मिली शिकायत के बाद अब बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान और उनका पूरा परिवार जांच के दायरे में आ गया है। 1,370 एकड़ भूमि के संबंध में सैफ से मूल दस्तावेज मांगे हैं। जांच में सैफ अली खान के अलावा सोहा अली खान, सबा अली खान और शर्मिला टैगोर के नाम भी शामिल हैं।

स्वियातेक ने जीता साल का पहला डब्ल्यूटीए टूर खिताब

कैनेडियन ओपन में स्वियातेक ने रायबाकिना 6-2, 6-3 से हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

पौलेंड की इगा स्वियातेक ने कैनेडियन ओपन 2026 महिला एकल का खिताब जीत लिया है। टोरंटो में खेले गए फाइनल मुकाबले में स्वियातेक ने कजाकिस्तान की एलेना रायबाकिना को 6-2, 6-3 से हराकर खिताब अपने नाम किया। स्वियातेक का इस सीजन का यह पहला खिताब है। टूर्नामेंट में जारी अपने शानदार फॉर्म को बरकरार रखते हुए पोलैंड की सातवीं सीड खिलाड़ी स्वियातेक ने पहले सेट में ही बढ़त बना ली थी, जबकि दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी रायबाकिना ने लगातार दो डबल फॉल्ट पर ब्रेक पॉइंट गंवा दिया। स्वियातेक के पहला सेट जीतने के लिए रायबाकिना की यह गलती काफी थी। दूसरे सेट में भी रायबाकिना को अपनी गलतियों का नुकसान उठाना पड़ा। उन्होंने दो मिस्ड बैकहैंड ने स्वियातेक को एक और ब्रेक दिया। रयाबाकिना एक चैंपियनशिप पॉइंट बचाने में कामयाब रहीं, लेकिन स्वियातेक ने पिछले सितंबर के बाद से अपना पहला खिताब हासिल करने के लिए दूसरे मौके को भुना लिया।

खुद पर फोकस करते रहो : स्वियातेक

स्वियातेक ने कहा, मैं यह खिताब उन सभी लोगों को समर्पित करना चाहती हूं जिन्हें गलत तरीके से जज किया जा रहा है या जिन्हें नफरत का सामना करना पड़ रहा है, चाहे वह खेल में हो या जिंदगी के किसी और क्षेत्र में। मुझे पता है कि यह कितना भारी लग सकता है। सच कहूं तो, उन विचारों को पावर देना सही नहीं है, और यह जानना जरूरी है। आगे बढ़ते रहो, पूरी कोशिश करते रहो, खुद पर फोकस करते रहो, क्योंकि यही सबसे अच्छी चीज है जो तुम कर सकते हो। हमेशा वह सब याद रखो जो आने वाला है और वह सब कुछ जो तुम हासिल कर सकते हो। हां, हम यहां हैं।"

आज सुबह 10 बजे से गॉल में भारत और श्रीलंका के बीच पहला टेस्ट मैच

डब्ल्यूटीसी में वापसी की तलाश में भारत

श्रीलंका के स्पिन चक्रव्यूह को भेदना लक्ष्य

एजेंसी ▶▶| गॉल

भारतीय बल्लेबाजों की शनिवार से शुरू हो रही दो टेस्ट मैच की श्रृंखला में स्पिन के खिलाफ कड़ी परीक्षा होगी और इस श्रृंखला का नतीजा मुख्य कोच गौतम गंभीर की देश के लाल गेंद क्रिकेट के प्रभारी के तौर पर भूमिका के लिए काफी अहम होगा। गंभीर के कार्यकाल में भारत सफेद गेंद (सीमित ओवरों का क्रिकेट) के क्रिकेट में लगभग अजेय टीम रहा है, जिसका अंदाजा चैंपियंस ट्रॉफी, एशिया कप और टी20 विश्व कप में उसके खिताबी अभियान से लगाया जा सकता है। लेकिन टेस्ट क्रिकेट की तस्वीर काफी निराशाजनक है। न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर क्लीन स्वीप ने भारत की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की उम्मीदों को बड़ा झटका दिया है। लगातार मिली इन नाकामियों और इसके बाद सहयोगी स्टाफ के दो सहायक कोच तथा एक क्षेत्ररक्षण कोच के जाने से गंभीर और टीम के लिए तत्काल नई ऊर्जा के संचार की जरूरत महसूस होने लगी है। इसका यह मतलब नहीं है कि अगर श्रीलंका में भारत जीत हासिल नहीं कर पाता है तो गंभीर को तुरंत हटा दिया जाएगा लेकिन लाल गेंद के क्रिकेट में आगे की रणनीति को लेकर सत्ता के गलियारों में निश्चित रूप से चर्चा तेज होगी।

सिन्कफील्ड कप : प्रज्ञानानंदा ने की वापसी, फॉरेस्ट को दी मात

सेंट लुई। भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने पिछले दौर में हार के बाद शानदार वापसी करते हुए सिन्कफील्ड कप के चौथे दौर में नीदरलैंड के जोर्डन वान फॉरेस्ट को हराया और दूसरे स्थान पर चल रहे खिलाड़ियों के समूह में शामिल हो गए। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 10 खिलाड़ियों के नौ दौर वाले इस टूर्नामेंट में चार बाजियों में 2.5 अंक हो गए हैं। पिछले दौर में जर्मनी के विन्सेंट कीमर से हारने के बाद यह वापसी उनके लिए काफी महत्वपूर्ण है। इससे उनकी पोडियम पर जगह बनाकर ग्रैंड चेस टूर के फिनाले के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीद बढ़ जाएगी। दिलचस्प बात यह रही कि दिन का यह एकमात्र निर्णायक मुकाबला था। बाकी चार बाजियां ड्रॉ रहीं।

तीन अंक के साथ शीर्ष पर वेस्ली

अमेरिका के वेस्ली सो हमवतन लेवोन अरोनियन के साथ ड्रॉ खेलने के बावजूद तीन अंक के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। अमेरिकी खिलाड़ियों के बीच हुए एक अन्य मुकाबले में फैबियानो करुआना को सेवियन सैमुअल ने ड्रॉ पर रोक दिया, जबकि अनीश गिरी ने उज्बेकिस्तान के विश्व चैंपियनशिप के दावेदार जावोखिर सिंदारोव के साथ अंक बांटे।

रिद्धिमा दिलावरी ने जीता डब्ल्यूपीजी टूर का खिताब

बेंगलुरु। भारत की अनुभवी गोल्फर रिद्धिमा दिलावरी ने अंतिम नौ होल में मन्नत बराड़ की कड़ी चुनौती का सामना करते हुए हीरो वुमैंस प्रो गोल्फ (डब्ल्यूपीजी) टूर 2026 के 12वें चरण का खिताब अपने नाम किया। रिद्धिमा ने अंतिम दौर में चार अंडर 68 का शानदार स्कोर बनाया। इससे पहले उन्होंने पहले दो दौर में 67 और 71 का स्कोर किया था। तीनों दौर में उनका कुल स्कोर 10-अंडर 206 रहा, जिससे उन्होंने मन्नत बराड़ को एक स्ट्रोक से पीछे छोड़ दिया। मन्नत ने अंतिम दौर का सर्वश्रेष्ठ स्कोर छह अंडर 66 खेला। उन्होंने सात बर्डी और एक बोगी लगाई। वह कुल नौ अंडर 207 के स्कोर के साथ उपविजेता रहीं। रिद्धिमा का यह इस सत्र में चौथा खिताब है। इससे पहले उन्होंने दूसरे चरण, चौथे चरण और छठे चरण की ट्रॉफी जीती थी। वह दो चरण में उप विजेता भी रही थीं। इस जीत के साथ उन्होंने हीरो 'ऑर्डर ऑफ मेरिट' में अपनी बढ़त और मजबूत कर ली है। विधात्री उर्स और हीना कांग ने तीन अंडर के कुल स्कोर के साथ संयुक्त रूप से तीसरा स्थान हासिल किया।

51 साल का सूखा खत्म करने उतरेगी हॉकी टीम

■ आज वेल्स के खिलाफ विश्व कप का शंखनाद

एम्सटेलवीन। लगातार दो ओलंपिक पदक जीत चुकी भारतीय पुरुष हॉकी टीम शनिवार को वेल्स के खिलाफ अपने अभियान का आगाज करेगी तो उसका लक्ष्य विश्व कप में 51 साल के पदक के सूखे को खत्म करने के अभियान का शानदार आगाज करके देशवासियों को स्वतंत्रता दिवस का तोहफा देने का होगा। आठ बार के ओलंपिक चैंपियन भारत ने एकमात्र विश्व कप 1975 में कुआलालम्पुर में पाकिस्तान को हराकर जीता था। इससे पहले 1971 में कांस्य और 1973 में रजत पदक अपने नाम किया था लेकिन पिछले 51 साल में पोडियम पर जगह बनाने में भारतीय टीम नाकाम रही है।

DELHI FOOD COURT SHOPS YOJNA

Applications Invited for DDA & RERA Approved Pre-leased Food Court Shops Under Yogiraj Promoters.

RERA NO: DLRERA2023P0019

APPROVED RERA APPROVED

BOOK YOUR SHOP IN DELHI's LARGEST MALL

FREEHOLD

Rohini Sec-22

DDA & RERA APPROVED LOCKABLE SHOPS

- Application Start: 9th August
- Application End: 16th August
- Allocation Date: 20th August
- Registration Amount: 21000/-
- Registration Window Open
- 33% Reserved for Females & Govt. Employees

Registration Amount is 100% Refundable in case of Non Allocation

25 Units Available Only | **Price ~~87 Lakh*~~ = ₹81 Lakh***

Subsidized Payment Plan (Female, Govt. Employees) in Case of Allotment

Floor	Area in (Sq. Ft.)	Area in (Sq. Mtr.)	10% Within 5 Days After Allotment	30% Within 45 Days	30% on Super Structure	30% On Offer of Possesion	Total Cost
Third Floor	318	29.543	₹ 8,17,260	₹ 24,51,780	₹ 24,51,780	₹ 24,51,780	₹ 81,72,600

GST* and other charges as Applicable

Payment Plan For Non Allotment

Floor	Area in (Sq. Ft.)	Area in (Sq. Mtr.)	10% Booking Amount	30% Within 45 Days	30% on Super Structure	30% On Offer of Possesion	Total Cost
Third Floor	318	29.543	₹ 8,74,500	₹ 26,23,500	₹ 26,23,500	₹ 26,23,500	87,45,000

GST* and other charges as Applicable



24×7 Security

Gaming Area

Ample Parking

Elevator

Wide Corridor

Loan Available from Leading Banks

For Online Registration
www.delhifoodcourthub.com
Helpline: +91-9599286990

Scan for Registration